इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 अंक - 349 राजनांदगांव, शुक्रवार 13 नवंबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए



व्हाइट हाउस के पास ताबड़तोड़ फायरिंग, 5 लोगों को लगी गोली, 1 की मौत, हमलावर ने खुद को भी मारी गोली

नई दिल्ली। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में गुरुवार सुबह गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। व्हाइट हाउस से करीब एक मील दूर स्थित लॉगन सर्कल इलाके में पांच लोगों को गोली मार दी गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि संदिग्ध हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, गोलीबारी के बाद हमलावर पास की एक अपार्टमेंट बिल्डिंग में छिप गया था, जहां भारी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला था।

पुलिस के मुताबिक, गोलीबारी की घटनाएं लॉगन सर्कल इलाके में कई स्थानों पर हुईं। अधिकारियों को 15वीं स्ट्रीट के 1500 ब्लॉक के आसपास गोलीबारी की सूचना मिली थी। इस इलाके में वीडा फिटनेस सेंटर, सेंट ल्यूक एपिस्कोपल चर्च और कई आवासीय इमारतें मौजूद हैं। यहां से कुछ दूरी पर होल फूड्स सुपरमार्केट भी है। घटनास्थल के आसपास की सड़कों को बंद कर दिया गया और लोगों को वहां से दूर रहने की सलाह दी गई।

जिम में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत

एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के अंतरिम प्रमुख जेफरी कैरोल ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। गोलीबारी के समय जिम में मौजूद जेम्स स्पेलमैन ने बताया कि वह सुबह करीब 8 बजे फिटनेस सेंटर में थे। उस समय जिम में लगभग 50 लोग मौजूद थे। अचानक उन्हें गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी।

स्पेलमैन ने बताया कि कुछ ही सेकंड बाद एक व्यक्ति जमीन पर गिर पड़ा और वहां खून फैल गया। जिम में मौजूद एक अन्य सदस्य ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन गोली गर्दन में लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, जिम के अंदर करीब दो गोलियां चली थीं, जबकि बाहर पांच से छह गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी।

एक अन्य कानून प्रवर्तन अधिकारी के मुताबिक, जांच एजेंसियों का मानना है कि संदिग्ध ने जिम के अंदर कम से कम एक व्यक्ति को गोली मारने के बाद बाहर निकलकर भी फायरिंग की थी। इसके बाद उसने एक पार्किंग गैरेज की लिफ्ट में एक अन्य व्यक्ति को गोली मारी और फिर बिल्डिंग की सातवीं मंजिल पर जाकर खुद को बंद कर लिया।



अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर छिपा था हमलावर, खुद को मारी गोली

वॉशिंगटन डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के मुताबिक, शुरुआती गोलीबारी के बाद संदिग्ध हमलावर पास की एक अपार्टमेंट बिल्डिंग में छिप गया था। पुलिस के अंतरिम प्रमुख जेफरी कैरोल ने बताया कि हमलावर ने अपार्टमेंट के अंदर खुद को गोली मार ली। उन्होंने यह भी कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक, उसका बिल्डिंग के होमओनर्स एसोसिएशन के साथ किसी बात को लेकर विवाद था।

रिटेल महंगाई 6.09 प्रति. पहुंची, 12 महीने का रिकॉर्ड टूटा: आरबीआई की 6 प्रति. की लिमिट पार



नई दिल्ली। देश में महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। अक्टूबर 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले 12 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। खास बात यह है कि महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6 प्रतिशत की ऊपरी सहनशीलता सीमा को भी पार कर गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेज उछाल इसका प्रमुख कारण रहा। प्याज, लहसुन, अदरक और नींबू जैसी रोजमर्रा की चीजें महंगी होने से घरेलू बजट पर दबाव बढ़ा है।

गौरतलब है कि सितंबर 2026 में खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत थी। वहीं, खाद्य महंगाई दर भी सितंबर के 7.74 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 8.94 प्रतिशत हो गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों में यह तेजी दर्ज की गई है।

आरबीआई की 6 प्रति. की ऊपरी सीमा से आगे निकली महंगाई

खुदरा महंगाई दर का 6 प्रतिशत से ऊपर पहुंचना अर्थव्यवस्था के लिहाज से अहम संकेत है। भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई को 4 प्रतिशत के लक्ष्य के आसपास बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए 2 से 6 प्रतिशत का सहनशीलता दायरा निर्धारित है। अक्टूबर 2026 में महंगाई दर 6.09 प्रतिशत पहुंचने के साथ इस दायरे की ऊपरी सीमा पार हो गई। इससे पहले अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 6.25 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इसके बाद पहली बार महंगाई इस स्तर से ऊपर पहुंची है।

प्याज 116 प्रति. और लहसुन 60 प्रति. महंगा

अक्टूबर में खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी ने महंगाई को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई। सालाना आधार पर सबसे ज्यादा कीमतों में बढ़ोतरी प्याज की हुई। इसके अलावा लहसुन, अदरक और नींबू के दाम में भी भारी उछाल दर्ज किया गया। इन वस्तुओं की कीमतों में तेज बढ़ोतरी का असर घरेलू खर्च पर पड़ सकता है। खासकर रसोई में रोजाना इस्तेमाल होने वाली सब्जियों और खाद्य पदार्थों के महंगे होने से आम परिवारों का मासिक बजट प्रभावित होता है।

सितंबर के मुकाबले खाद्य महंगाई में भी उछाल

अक्टूबर में केवल खुदरा महंगाई ही नहीं, बल्कि खाद्य महंगाई दर में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। सितंबर में खाद्य महंगाई 7.74 प्रतिशत थी, जो अक्टूबर में बढ़कर 8.94 प्रतिशत हो गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

खाद्य महंगाई में यह तेजी बताती है कि खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों का दबाव लगातार बढ़ा है। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की खरीदारी और घरेलू खर्च पर पड़ सकता है।

आरबीआई की अगली बैठक में महंगाई पर रहेगी नजर

अक्टूबर की महंगाई दर के आंकड़े आरबीआई की मौद्रिक नीति के लिहाज से काफी अहम हैं। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक 2 से 4 दिसंबर 2026 के बीच प्रस्तावित है। इस बैठक में महंगाई के ताजा आंकड़ों और आर्थिक परिस्थितियों की समीक्षा की जाएगी। इससे पहले आरबीआई ने 7 अक्टूबर 2026 को हुई मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो रेट 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया था। साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' किया था। इसका मतलब है कि महंगाई के दबाव को देखते हुए आगे ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम है। आने वाले समय में दरों को लेकर फैसला आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा।

दिसंबर में बढ़ सकती है ब्याज दरों पर चर्चा

खुदरा महंगाई का ऋ की निर्धारित सहनशीलता सीमा से ऊपर पहुंचना दिसंबर की मौद्रिक नीति बैठक को और महत्वपूर्ण बना सकता है। महंगाई लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती है तो केंद्रीय बैंक पर कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सख्त मौद्रिक नीति अपनाने का दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, ब्याज दरों में आगे क्या बदलाव होगा, इसका फैसला आरबीआई महंगाई के रुझान, आर्थिक विकास और अन्य घरेलू एवं वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर करेगा।

हड़ताल पर अड़े पटवारियों पर शिकंजा, प्रदेश में 141 निलंबित, 3912 को नोटिस और 336 की सेवा में ब्रेक



रायपुर। पटवारियों की हड़ताल के बीच राज्य सरकार ने अनुशासनात्मक कार्रवाई तेज कर दी है। प्रदेश के 33 जिलों में पटवारियों के वेतन पर रोक लगाने के साथ अब तक 3,912 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। 141 पटवारी निलंबित किए जा चुके हैं, जबकि 336 की सेवा में ब्रेक की कार्रवाई हुई है। इसके अलावा 95 पटवारियों का तबादला और 37 के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। 1,007 को ब्रेक इन सर्विस (सेवा व्यवधान) का नोटिस तथा 186 को अंतिम चेतावनी दी गई है। जिले में कार्रवाई के आंकड़े भी बढ़े हैं। जिला प्रशासन की 12 नवंबर की जानकारी के अनुसार, जिले में सात पटवारी निलंबित और 229 को काम पर लौटने के नोटिस जारी किए गए हैं। रायपुर तहसील में एक निलंबन और 51 नोटिस, धरसींवा में 30 नोटिस, तिल्दा में एक निलंबन और 48 नोटिस, आरंग में दो निलंबन और 57 नोटिस जारी हुए हैं।

अमित शाह से मिलेंगे सुखबीर बादल, पंजाब में अकाली दल-बीजेपी गठबंधन पर जल्द लग सकती है मुहर





चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिल सकते हैं। शाह और बादल की यह मुलाकात दिल्ली में होनी है। पिछले कुछ महीनों से पंजाब में इस बात की अटकलें जोरों पर हैं कि राज्य में बीजेपी और अकाली दल मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं। इस साल अगस्त में, सुखबीर बादल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इसके बाद से ही गठबंधन को लेकर चर्चा शुरू हुई थी।

अमित शाह और सुखबीर बादल की इस मुलाकात में गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा सकता है। 117 सीटों वाले पंजाब में बीजेपी और अकाली दल कितनी सीटों पर लड़ेंगे, इसे लेकर बैठक में अंतिम मुहर लग सकती है। इसके अलावा सीएम का चेहरा कौन होगा, उम्मीदवारों के चयन को लेकर भी मुलाकात में चर्चा होगी।

इस तरह की भी खबरें तेज हैं कि जल्द ही पंजाब के बठिंडा में एक रैली होगी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। इस रैली में पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी और अकाली दल के गठबंधन का औपचारिक रूप से ऐलान कर दिया जाएगा।

बीजेपी और अकाली दल के सूत्रों का कहना है कि गठबंधन को लेकर बातचीत अब आखिरी स्टेज में है और बहुत जल्द इसका ऐलान कर दिया जाएगा। कुछ महीने पहले ही अमित शाह ने दिल्ली में एक जनसभा में कहा था कि पंजाब में इस बार एनडीए की सरकार बनेगी। उनके इस बयान के बाद यह तय हो गया था कि दोनों दलों के बीच गठबंधन का ऐलान कभी भी हो सकता है।

पंजाब में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। उससे पहले आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली भगवंत मान सरकार राज्य में बढ़ते नशे के आरोपों और नशा विरोधी कार्यकर्ताओं की मौत के मामलों को लेकर घिरी हुई है। बीजेपी और अकाली दल जब तक गठबंधन में थे, तब बीजेपी पंजाब में अधिकतम 23 सीटों पर चुनाव लड़ती थी लेकिन खबरों के मुताबिक इस बार वह 45 से 50 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है।

जनजातीय गौरव सप्ताह 11 से 18 नवम्बर तक : सीएम साय बोले- जनजातीय समाज भारत की आत्मा है

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 11 से 18 नवम्बर 2026 तक मनाए जा रहे 'जनजातीय गौरव सप्ताह' के अंतर्गत पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, भाजपा के लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र से यह समाज विकसित भारत का मजबूत आधार बन रहा है।



श्री साय ने भगवान बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए कहा है कि, 15 नवम्बर 1875 को वर्तमान झारखण्ड प्रदेश के खूंटी जिले के उलिहातू में जन्मे युवा बिरसा ने अंग्रेजी शासन द्वारा जनजातीय समाज की जमीन, जंगल और स्वाभिमान छीने जाने के विरुद्ध समाज को नशे व कुरीतियों से दूर रहकर अपनी संस्कृति पर गर्व करने और विदेशी सत्ता से लड़ने के लिए जागृत किया। उन्होंने 'उलगुलान' (महाक्रांति) का नेतृत्व करते हुए 'अबुआ दिशुम, अबुआ राज' (हमारा देश, हमारा राज) का अमर नारा दिया। 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में उन्हें जहर देकर मार दिया गया, किंतु उनके संघर्ष की बदौलत 1908 में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम बना, जिसने जनजातीय जमीन की रक्षा की। इसी कारण समाज उन्हें भगवान के रूप में पूजता है।

1857 से एक सदी पूर्व ही जनजातीय वीरों ने शुरू किया था स्वाधीनता संग्राम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आजादी की लड़ाई 1857 से लगभग 100 वर्ष पूर्व ही जनजातीय वीरों ने प्रारम्भ कर दी थी। देश के प्रमुख जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करते हुए श्री साय ने कहा कि सन् 1784 में तिलका मांझी और 1855 में सिद्धो-कान्हू, चाँद-भैरव तथा फूलो-झानो, छत्तीसगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह, झारखण्ड में तेलंगा खड़िया व बुधु भगत, निमाड़-मालवा में टंट्या भील, गोंडवाना में रानी दुर्गावती, रम्पा में अल्लूरी सीताराम राजू, तेलंगाना में कोमराम भीम और पूर्वोत्तर में रानी गाइदिन्ल्यू जनजातीय समाज के महानायक हैं।

जनजातीय गौरव दिवस की ऐतिहासिक यात्रा

मुख्यमंत्री श्री साय ने 2021 से शुरू हुई 'जनजातीय गौरव दिवस' की यात्रा का ब्यौरा देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 15 नवम्बर को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित किया। भोपाल में पहला आयोजन हुआ, राँची में बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान एवं संग्रहालय का लोकार्पण हुआ और भोपाल के हबीबगंज स्टेशन का नाम रानी कमलापति के नाम पर रखा गया। सन् 2022 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खूंटी पहुँचीं। 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उलिहातू जाने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बने और वहीं से ऐतिहासिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

'आप' ने जारी की 21 उम्मीदवारों की सूची, 2 सांसदों को भी चुनाव मैदान में उतारा



नई दिल्ली। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने 2027 पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए 31 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची में, गुरुवार को सात विधायकों,जिनमें कृषि मंत्री भी शामिल हैं, का टिकट काट दिया और अपने दो लोकसभा सदस्यों को मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दिल्ली में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक के बाद उम्मीदवारों की दूसरी सूची की घोषणा की। इसके साथ ही, 31 अक्टूबर को 40 नामों की घोषणा करने के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) ने 117 सदस्यीय पंजाब विधानसभा के लिए अब तक कुल 71 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दूसरी सूची में पांच महिला उम्मीदवार और दो मौजूदा विधायक शामिल हैं।

मौजूदा मंत्रिपरिषद में से, अब तक केवल मुख्यमंत्री मान को ही संगरूर जिले की धुरी सीट से दोबारा उम्मीदवार बनाया गया है। दूसरी सूची की मुख्य बात यह रही कि मुक्तसर जिले के लांबी से कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां की जगह उनके भतीजे रणधीर सिंह धीरा खुडियां को उम्मीदवार बनाया गया है, जो पंजाब स्टेट कंटेनर एंड वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष हैं।

मई में, बठिंडा निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन पर सवाल उठाने के बाद, गुरमीत खुडियां की वरिष्ठ 'आप' नेता मनीष सिसोदिया के साथ तीखी बहस हो गई थी। खुडियां ने 2022 में पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल को हराकर लांबी सीट जीती थी।

आम आदमी पार्टी के जिन प्रमुख नेताओं को दोबारा टिकट नहीं दिया गया है, उनमें अनमोल गगन मान, चरणजीत सिंह, रमन अरोड़ा और अनमोल रतन कोटफट्ठा शामिल हैं। आम आदमी पार्टी ने तरनतारन जिले की पट्टी सीट से अपने निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी जसकंवर सिंह गिल को मैदान में उतारा है। इस सीट का प्रतिनिधित्व जेल में बंद पूर्व मंत्री और पार्टी विधायक लालजीत सिंह भुल्लर करते हैं। भुल्लर ने 10 नवंबर को फेसबुक पोस्ट के जरिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

आदिवासी सीटें साधने में जुटी बीजेपी-कांग्रेस, 15 नवंबर को नितिन नवीन का शक्ति प्रदर्शन; कांग्रेस लगाएगी चौपाल

रायपुर। प्रदेश में 2028 के विधानसभा चुनाव में भले ही अभी दो साल से अधिक का समय है, लेकिन आदिवासी बहुल 29 सीटों पर कब्जे की सियासी तैयारी अभी से शुरू हो गई है। वर्ष 2018 के चुनाव में बदले राजनीतिक समीकरण को अपने पक्ष में बनाए रखने के लिए भाजपा ने संगठनात्मक सक्रियता बढ़ा दी है, वहीं खोया जनाधार वापस पाने कांग्रेस भी आदिवासी अंचलों में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुट गई है। भाजपा 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के बहाने धरमजयगढ़ में शक्ति प्रदर्शन करेगी।





इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल होंगे। इसे आदिवासी समाज के बीच सरकार और संगठन की पहुंच मजबूत करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। दूसरी ओर, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत 16 नवंबर से तीन दिवसीय सरगुजा संभाग के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न जिलों में चौपाल लगाकर आदिवासी समाज के लोगों से सीधा संवाद करेंगे। इससे पहले वे सात से नौ अक्टूबर तक बस्तर संभाग का दौरा कर चुके हैं। सरगुजा और बस्तर संभाग की राजनीति प्रदेश की सत्ता की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाती रही है।

2023 में बदली तस्वीर

साल 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी बहुल सीटों पर कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन 2023 में सरगुजा से बस्तर तक चुनावी तस्वीर बदल गई। 2018 में कांग्रेस ने 29 आदिवासी बहुल सीटों में से 25 पर कब्जा किया था जबकि भाजपा को केवल तीन सीटें मिली थीं। वर्ष 2023 में भाजपा ने 17 सीटें जीतीं लेकिन कांग्रेस 11 सीटों पर सिमट गई। अब भाजपा इस जनादेश को ना सिर्फ 2028 में भी बरकरार रखने बल्कि आदिवासी अंचलों में सीटों की संख्या में इजाफा करने को लेकर संगठनात्मक पहुंच बढ़ाने पर जोर लगा दिया है।

जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को इसी राजनीतिक सक्रियता से जोड़कर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

जेन्सेन हुआंग ने एनवीडिया के सीईओ पद से दिया इस्तीफा, कोलेट क्रेस को बनाया गया अंतरिम सीईओ



नई दिल्ली। चीन की एक महिला जिसके जासूस होने की आशंका है, के साथ अफेयर की वजह से विवादों में घिरे जेन्सेन हुआंग ने एनवीडिया के सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया है। सीईओ पद के साथ ही जेन्सेन ने कंपनी के प्रेसिडेंट और बोर्ड मेंबर के पद से भी तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। एनवीडिया कॉरपोरेशन की ओर से जारी की गई जानकारी में जेन्सेन के इस्तीफे की पुष्टि की गई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जेन्सेन कंपनी के सह-संस्थापक भी थे।

कोलेट क्रेस को बनाया अंतरिम सीईओ

जेन्सेन के इस्तीफे के बाद अब कोलेट क्रेस को एनवीडिया का अंतरिम सीईओ बनाया गया है। इससे पहले वह कंपनी की सीएफओ और एग्ज़ीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट भी थीं। अंतरिम सीईओ के पद पर नियुक्ति के बाद कोलेट सीएफओ का काम भी जारी रखेंगी। हालांकि इसके साथ ही कंपनी के लिए स्थायी सीईओ की खोज भी शुरू हो गई है। इसके साथ ही हार्वी सी. जोन्स को कंपनी के बोर्ड का पहला चेयरमैन बनाया गया है।

जेन्सेन के चल रहे हैं दो अफेयर?

1985 में जेन्सेन ने लोरी हुआंग से शादी की थी। दोनों की यूनिवर्सिटी में मुलाकात हुई थी और तभी से दोनों साथ थे। बताया जा रहा है कि जेन्सेन के दो अफेयर चल रहे थे। एक तो चीन की कथित जासूस एलिस हुआंग से और दूसरा कंपनी की एक वरिष्ठ अधिकारी से। इस मामले में बोर्ड की जांच चल रही है।

दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक एनवीडिया

एनवीडिया दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। एनवीडिया ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स, सिस्टम-ऑन-चिप्स और सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म विकसित करती है। इसकी शुरुआत 1993 में वीडियो गेमिंग के लिए ग्राफिक्स चिप्स बनाने से हुई थी। अब यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा सेंटर्स, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग, ऑटोनॉमस व्हीकल्स और प्रोफेशनल विजुअलाइज़ेशन जैसे सेक्टर्स में दुनिया की टॉप कंपनी बन गई। आज एनवीडिया एआई चिप्स के बाजार में 80 प्रति. से ज्यादा हिस्सेदारी रखती है। एनवीडिया की सफलता में जेन्सेन की अहम भूमिका रही है। उन्होंने क्रिस मैलाचोव्स्की और कर्टिस प्रीम के साथ मिलकर इसकी शुरुआत की थी। एनवीडिया के विकास के दौर में जेन्सेन ही कंपनी का मुख्य चेहरा रहे।

सौरभ चंद्राकर को दिल्ली से लाकर कोर्ट में किया पेश, अब 19 नवंबर तक जेल में रहेगा

रायपुर। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में बड़ी खबर सामने आई है। इस मामले के प्रमुख आरोपी सौरभ चंद्राकर को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 19 नवंबर तक न्यायिक रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद सौरभ चंद्राकर को कड़ी सुरक्षा के बीच सेंट्रल जेल भेज दिया गया। वहीं, पूछताछ के लिए ईडी की ओर से मांगी गई रिमांड को अदालत ने मंजूरी नहीं दी।



मिली जानकारी के मुताबिक, सौरभ चंद्राकर को सीबीआई की टीम अपने कार्यालय से लेकर रायपुर की विशेष अदालत पहुंची थी। इससे पहले सीबीआई ने अदालत से मिली 8 दिनों की रिमांड पर उससे पूछताछ की थी। रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद आज उसे दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि, सीबीआई आगे की पूछताछ के लिए एक बार फिर रिमांड की मांग कर सकती है। वहीं, ईडी ने भी सौरभ चंद्राकर से पूछताछ के लिए अदालत में रिमांड की मांग रखी थी, लेकिन फिलहाल श्वेष को इसमें सफलता नहीं मिली। अदालत के आदेश के बाद सौरभ चंद्राकर को 19 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। अब इस हाईप्रोफाइल मामले में आगे की जांच और दोनों केंद्रीय एजेंसियों की अगली कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

पहला कॉलम...

विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लबों में 2 से 20 नवम्बर तक निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लबों में 2 नवम्बर से 20 नवम्बर 2026 तक तीन स्तर पर निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत शुद्ध मतदाता सूची का महत्व एवं मतदान का महत्व में से किसी एक विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा मतदाता सूची तैयार करने, ईवीएम और वीवीपीएटी मतदान प्रक्रिया, मतगणना प्रक्रिया पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ईएलसी कोआर्डिनेटर द्वारा प्रथम स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान स्तर पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में स्कूल एवं कॉलेज के सभी इच्छुक विद्यार्थी भाग ले सकते है। जिनमें शीर्ष दो विद्यार्थियों का चयन अगले स्तर के लिए किया जाएगा। ईआरओ कार्यालय द्वारा द्वितीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विधानसभा स्तर पर किया जाएगा। जिनमें विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक संस्थान से शीर्ष दो विद्यार्थी शामिल होंगे। जिनमें प्रति विधानसभा क्षेत्र से शीर्ष 10 विद्यार्थियों का चयन अगले स्तर के लिए किया जाएगा। कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तृतीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला (फाइनल) स्तर पर किया जाएगा। जिसमें जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से शीर्ष 10 विजेता शामिल होंगे। जिसमें प्रति जिला अंतिम शीर्ष 10 विजेता होंगे। प्रतियोगिता की शुरूआत 2 नवम्बर से होगी। संस्थान स्तरीय राउंड और प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए 2 छात्रों का चयन 2 नवम्बर से 7 नवम्बर तक, विधानसभा स्तरीय राउंड और प्रत्येक विधानसभा के लिए 10 छात्रों का चयन 10 नवम्बर से 13 नवम्बर तक, जिला स्तरीय फाइनल 16 से 18 नवम्बर तक तथा परिणामों की घोषणा और प्रमाण पत्र 20 नवम्बर 2026 तक जारी की जाएगी।

आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव 12 नवम्बर 2026। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को स्वीकृत सहायता अनुदान राशि संबंधित तहसीलदारों को उपलब्ध कराया है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 40 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 60 हजार रूपए, अतिवृष्टि से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए एवं नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत सर्पदंश से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, छुरिया तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 3 मकान आंशिक क्षति होने पर 11 हजार 900 रूपए एवं नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 5 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रूपए आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को सहायता अनुदान राशि उपलब्ध कराया गया है। संबंधित तहसीलदारों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

पटवारियों पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 7 पटवारी निलंबित

0जिले के विभिन्न अनुविभागों एवं तहसीलों में 229 पटवारियों को नोटिस जारी, कार्य पर वापस लौटने के निर्देश

0रायपुर, तिल्दा, आरंग और अभनपुर अनुविभाग में निलंबन की कार्रवाई

0राजस्व कार्यों में लापरवाही और आम नागरिकों को होने वाली असुविधा को लेकर प्रशासन सख्त

रायपुर(दावा)। रायपुर जिले में कार्य पर वापस नहीं लौटने वाले पटवारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले के विभिन्न अनुविभागों एवं तहसीलों में अब तक 7 पटवारियों को निलंबित किया गया है, वहीं 229 पटवारियों को कार्य पर वापस लौटने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायपुर तहसील में एक पटवारी को निलंबित किया गया है, जबकि 51 पटवारियों को कार्य पर वापस लौटने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। इसी प्रकार धरसींवा तहसील में 30 पटवारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। तिल्दा अनुविभाग में एक पटवारी को निलंबित किया गया है तथा 48 पटवारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं आरंग अनुविभाग में 2 पटवारियों को निलंबित करने के साथ ही 57 पटवारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। अभनपुर अनुविभाग में भी जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए 3 पटवारियों को निलंबित किया गया है। इनमें तहसील गोबरा नवापारा का एक तथा अभनपुर तहसील के दो पटवारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गोबरा नवापारा तहसील में 19 और अभनपुर तहसील में 24 पटवारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इस प्रकार अभनपुर अनुविभाग में कुल 43 पटवारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा राजस्व संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पटवारियों को कार्य पर वापस लौटकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।





बड़े बकायादारों को तीन दिवस के भीतर बकाया करों का भुगतान करने दे समझाईस- आयुक्त



आयुक्त मरकाम ने राजस्व विभाग की बैठक में माहवार लक्ष्य निर्धारित कर बकाया करो की वसूली के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने राजस्व वसूली की बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर माहवार लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप वसूली के निर्देश दिये। उन्होंने बड़े बकायादारो जिन्हें डिमाण्ड बिल दी गयी है, उन्हें तीन दिवस के भीतर बकाया करो का भुगतान करने समझाईस देवे, भुगतान नही करने की स्थिति में कुर्की के बारे मे बतावे।

आयुक्त श्री मरकाम ने बैठक में सहायक राजस्व निरीक्षकों से वसूली की जानकारी लेकर कहा कि चार माह की वसूली अच्छी प्राप्त हुई, प्राप्त वसूली एवं शासन अनुदान से अक्टूबर माह तक का वेतन भुगतान किया गया। चालू माह का लगभग 20 दिन शेष है, और इससे प्राप्त वसूली से नवम्बर माह का वेतन भुगतान करना है, चुकि अब शासन द्वारा भी राशि प्राप्त नही होगी, जिसे ध्यान में रखकर प्लानिंग कर वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में वेतन एवं अन्य आवश्यक भुगतान में लगभग 40 करोड रूपये व्यय होता है, और शासन द्वारा हमे वेतन पेटे लगभग 10 करोड रूपये की प्राप्ति होती है, 30 करोड रूपये एक वर्ष में राजस्व वसूली का लक्ष्य है। उक्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्लानिंग कर वसूली करे, प्रतिमाह 3 करोड रूपये वसूली का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करे।

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि करदाताओ को ऑनलाईन भुगतान की सुविधा में विस्तार करते हुए आईसीआईसी बैक द्वारा राजस्व करो का भुगतान के लिए दिये गये पोर्टल पर ऑनलाईन समस्त करो का भुगतान लेना है। जिसके लिए सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर की बकाया व वर्तमान मांग का डाटा एण्ट्री करनी है। उन्होंने समस्त सहायक राजस्व निरीक्षको से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड की डाटा एण्ट्री करावे। शासन स्तर पर भी ऑनलाईन वसूली के लिए पोर्टल लॉच किये जाने की तैयारी है, इसके लिए भी ऑनलाईन एण्ट्री आवश्यक है। डाटा अपडेट करने में गंभीरता दिखावे।

आयुक्त ने कहा कि समय निर्धारित कर करदाताओ के घर जावे, उनका मोबाईल नम्बर रख उनसे सम्पर्क कर बकाया करो की वसूली करना सुनिश्चित करे। बडे बकायादारो जिनको छत्तीसगढ नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 174 अंतर्गत मांग की सूचना दी गयी है, उन्हे तीन दिवस के भीतर अपने बकाया करो का भुगतान करने समझाईस देवे। उन्हें बताए कि भुगतान नही करने की स्थिति में चल सम्पत्ति की कुर्की की जावेगी। उन्होंने कहा कि कुछ करदाताओ के द्वारा शिकायत रहती है कि संबंधित वसूलीकर्ता वसूली के लिए नही आते। अपने अपने प्रभारित वार्ड के करदाताओ से निरंतर सम्पर्क स्थापित कर वसूली करना सुनिश्चित करे। सभी राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व उप निरीक्षक गंभीरता से वसूली कार्य संपादित करेंगे, प्रतिमाह लक्ष्य के अनुरूप वसूली करे, जिससे हर माह वेतन भुगतान किया जा सके। बैठक में राजस्व अधिकारी मोबिन अली, सहायक राजस्व अधिकारी हितेश ठाकुर सहित राजस्व उपनिरीक्षण व सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

अन्नदाताओं को बड़ी सौगात : 'कृषक उन्नति योजना' के तहत प्रति एकड़ मिलेगी रु. 13,839 की आदान सहायता

खरीफ 2026 के लिए राज्य शासन ने जारी किए नवीन दिशा-निर्देश, आधार-लिंक्ड खातों में सीधे आएगा पैसा



कम धान बेचने वाले किसानों को भी बोए गए रकबे के अनुपात में मिलेगा योजना का पूरा लाभ-शशिकांत द्विवेदी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 से 'कृषक उन्नति योजना' के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत राज्य के पात्र किसानों को प्रति एकड़ रु. 13,839 की आदान सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में प्रदान की जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) शशिकांत द्विवेदी ने इस किसान-हितैषी निर्णय के लिए प्रदेश के किसानों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार कृषि लागत कम करने और अन्नदाताओं का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

समझिए सहायता राशि का पूरा गणित

शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, प्रति एकड़ सहायता राशि की गणना तय फॉर्मूले के आधार पर की गई है-

निर्धारित दर व एमएसपी का अंतर- राज्य सरकार की निर्धारित दर (रु. 3,100 प्रति क्विंटल) और कॉमन ग्रेड धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी रु. 2,441 प्रति क्विंटल) के अंतर की राशि रु. 659 को प्रति एकड़ अधिकतम उपार्जन सीमा (21 क्विंटल) से गुणा करने पर रु. 13,839 प्रति एकड़ की सहायता राशि निर्धारित हुई है।

कम धान बेचने पर भी पूरा लाभ - यदि कोई किसान प्रति एकड़ तय अधिकतम सीमा (21 क्विंटल) से कम धान या धान बीज बेचता है, तब भी उसे बोए गए रकबे के अनुपात में प्रति एकड़ ?13,839 की दर से ही आदान सहायता का भुगतान किया जाएगा।

पात्रता एवं अनिवार्य शर्तें

मार्कफेड अध्यक्ष श्री द्विवेदी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए खरीफ वर्ष 2026-27 में खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत होकर सहकारी समितियों/लैम्पस के माध्यम से धान बेचने वाले किसान तथा बीज निगम से जुड़े धान बीज उत्पादक कृषक पात्र होंगे। योजना के लिए किसानों का 'एग्रीस्टैक' पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। साथ ही, बोए गए रकबे की पुष्टि डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) से की जाएगी। सर्वे डेटा उपलब्ध न होने की स्थिति में जिला कलेक्टर की अनुमति से गिरदावरी के आधार पर रकबे का सत्यापन होगा।

योजना के प्रमुख उद्देश्य एवं क्रियान्वयन

इस योजना का मुख्य उद्देश्य फसल उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि करना, काश्त लागत कम कर किसानों की आय बढ़ाना तथा उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्रों और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत सहकारी समितियों के माध्यम से उपार्जित धान पर सहायता राशि का वितरण एवं लेखा संधारण मार्कफेड द्वारा किया जाएगा, जबकि बीज उत्पादक कृषकों के लिए यह प्रक्रिया बीज निगम व संचालक कृषि के माध्यम से पूरी होगी। संपूर्ण योजना की निगरानी और एकमुश्त भुगतान की जिम्मेदारी संचालक कृषि की होगी।

पुरानी रंजिश में विवाद करने वाले चार युवकों पर लालबाग पुलिस की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

पूर्व में दर्ज मामले को लेकर प्रार्थी से कर रहे थे गाली-गलौज व हुज्जतबाजी



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के पेंड्री में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद और गाली-गलौज करने वाले चार युवकों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस की समझाइश के बाद भी शांत नहीं होने पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार 12 नवंबर को पेंड्री निवासी चार युवक पुरानी रंजिश और पूर्व में थाने में दर्ज कराए गए मामले की बात को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज करते हुए विवाद कर रहे थे। विवाद बढ़ने की सूचना पर लालबाग पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जवानों और स्थानीय लोगों ने युवकों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए और लगातार आक्रामक बने रहे। स्थिति को नियंत्रित करने और किसी संज्ञेय अपराध की आशंका को रोकने के लिए पुलिस ने चारों अनावेदकों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170/126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में आबादी पारा पेंड्री निवासी नागेश नेताम (21 वर्ष) पिता उमेंद्र नेताम, रोमन उर्फ टोमन कुमार गंधर्व (26 वर्ष) पिता दयाराम गंधर्व, गोवर्धन साहू (22 वर्ष) पिता नंदलाल साहू तथा गौरा चौक पेंड्री निवासी रंजीत यादव (19 वर्ष) पिता नोहर यादव शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ पूर्व में भी लालबाग थाने में मारपीट का मामला दर्ज है।

जिले में 26 नए धान उपार्जन केन्द्र स्थापित, किसानों को मिलेगी सुविधा

0 जिले में धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या 96 से बढ़कर हुई 122

0 जिले के 122 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 35 हजार 167 किसान पंजीकृत

0 26 नए धान उपार्जन केन्द्रों से 18 हजार 608 किसानों को मिलेगी सुविधा

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 26 नए धान उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही जिले में धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या विगत वर्ष के 96 से बढ़कर इस वर्ष 122 हो गई है। नए उपार्जन केन्द्रों की स्थापना से किसानों को अपने नजदीकी केन्द्रों में धान विक्रय करने की सुविधा मिलेगी। इससे किसानों को धान परिवहन में होने वाली परेशानी से राहत मिलने के साथ ही समय एवं परिवहन व्यय की बचत होगी।

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में जिले के कुल 122 धान उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 35 हजार 167 किसान पंजीकृत हैं। विगत वर्ष जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 1 लाख 32 हजार 233 थी। इस प्रकार विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2 हजार 934 किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है। वहीं जिले में स्थापित 26 नए धान उपार्जन केन्द्रों से संबंधित 18 हजार 608 किसानों को धान विक्रय करने में सुविधा मिलेगी। जिले में धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि होने से किसानों को धान विक्रय के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता कम होगी। साथ ही उपार्जन केन्द्रों में किसानों की भीड़ का दबाव कम होने तथा धान खरीदी व्यवस्था को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं किसान हितैषी बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

सनातनी परंपरा से किया गया लावारिस बुजुर्ग का अंतिम संस्कार



बसंतपुर पुलिस व बाबा खाटू श्याम संस्कार श्रद्धांजलि समिति के सहयोग से दी गई अंतिम विदाई

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक लावारिस बुजुर्ग का पूरे विधि-विधान और सनातनी परंपरा के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बसंतपुर थाना पुलिस और बाबा खाटू श्याम संस्कार श्रद्धांजलि समिति के सदस्यों ने आपसी सहयोग से मृतक को सम्मानजनक अंतिम विदाई दी।

जानकारी के अनुसार, करीब चार दिन पूर्व मां पाताल भैरवी मंदिर रोड पर एक 65 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग अचेत अवस्था में पड़े मिले थे। सूचना पर बसंतपुर पुलिस ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। बुजुर्ग अपना नाम व पता बताने की स्थिति में नहीं थे और दूसरे दिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

सोशल मीडिया के जरिए हुई शिनाख्त

मृतक की पहचान के लिए पत्रकार डॉ. कमलेश सिमनकर ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी जुटाने का प्रयास किया। इस दौरान पता चला कि मृतक का नाम राजेंद्र दुबे है, जो ब्राह्मण कुल से थे। वे पिछले 10-11 वर्षों से शहर में घुमंतू जीवन व्यतीत कर रहे थे और उनका कोई सगा-संबंधी नहीं था।

परिजनों के अभाव में डॉ. सिमनकर ने 'बाबा खाटू श्याम संस्कार श्रद्धांजलि' समिति के पदाधिकारियों से संपर्क किया। मृतक की पहचान होने के बाद बसंतपुर थाना पुलिस और समिति के सदस्यों ने मिलकर हिंदू व सनातनी रीति-रिवाजों के साथ मुक्तिधाम में उनका दाह संस्कार संपन्न कराया।

राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ ने संत गाडगे बाबा के नाम पर चौक एवं प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर महापौर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ ने स्वच्छता अभियान के प्रणेता एवं महान समाज सुधारक राष्ट्रसंत गाडगे बाबा के सम्मान में नगर निगम क्षेत्र में उनके नाम पर चौक का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है।

इस संबंध में राष्ट्रीय रजक महासंघ, भारत की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा सिविल लाइन स्थित महापौर कार्यालय में पूर्व सांसद एवं राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया गया। समाजजनों ने महापौर मधुसूदन यादव को संत गाडगे महाराज जी की तैलचित्र भेट किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रसंत गाडगे बाबा ने समाज में स्वच्छता, सेवा, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का संदेश देकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाई। उनके विचार आज भी समाज को स्वच्छता, मानव सेवा और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देते हैं।

राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ मांग की कि नगर निगम क्षेत्र के किसी प्रमुख चौक का नामकरण %संत गाडगे चौक% किया जाए तथा वहां संत गाडगे बाबा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके आदर्शों, विचारों और समाज सेवा के कार्यों से प्रेरणा ले सकें।

महासंघ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने जनप्रतिनिधियों और नगर निगम प्रशासन से इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की। समाजजनों का कहना है कि संत गाडगे बाबा के नाम पर चौक एवं प्रतिमा की स्थापना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और समाज में स्वच्छता व सामाजिक समरसता का संदेश भी प्रसारित होगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष डॉ. हेमसिंग निर्मलकर, कैलाश सोनवानी, जिला कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, जिला सचिव रोहितराम निर्मलकर, गौपरसराम निर्णेजक गौ सेवा गतिविधि प्रांत टोली एवं विभाग संयोजक बिलासपुर, प्रदेश जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक, जिला पंचायत सदस्य अंबागढ़ चौकी नेहरू रजक, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)
धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक युवराज वर्मा पिता स्व. श्री कन्हैया लाल वर्मा, माता श्रीमती सलिता वर्मा, आयु 29 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 02. पुराना ढाबा, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका जान्हवी आचार्य पिता स्व. श्री राजेश कुमार आचार्य आयु 28 वर्ष, शंकरपुर रोड, स्टेशन पारा, वार्ड नं. 08, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक होने पर आप पेशी तारीख 04/12/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक : - 02/11/2026
पेशी तारीख : - 04/12/2026
अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रवीण कुमार मेश्राम (Praveen Kumar Meshram) पिता श्री केवल दास मेश्राम हाउस नंबर 469, वार्ड नं. 40, बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम प्रवीण मेश्राम (Praveen Meshram) को त्याग कर नया नाम प्रवीण कुमार मेश्राम (Praveen Kumar Meshram) पिता श्री केवल दास मेश्राम रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

प्रवीण कुमार मेश्राम
(Praveen Kumar Meshram)
पिता श्री केवल दास मेश्राम
हाउस नंबर 469, वार्ड नं. 40,
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनिष कुमार ठक्कर (Anish Kumar Thakkar) पिता श्री चतुर्भुज ठक्कर, मकान नंबर 252, वार्ड नं. 12, ढाढूटोला, बांधा बाजार, अम्बागढ़ (छ.ग.) 491668 का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम अनीस कुमार ठक्कर (Anis Kumar Thakkar) को त्याग कर नया नाम अनिष कुमार ठक्कर (Anish Kumar Thakkar) पिता श्री चतुर्भुज ठक्कर रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

अनिष कुमार ठक्कर
(Anish Kumar Thakkar)
पिता श्री चतुर्भुज ठक्कर
मकान नंबर 252, वार्ड नं. 12, ढाढूटोला, बांधा बाजार, अम्बागढ़ (छ.ग.) 491668

कार्यालय, नगर निगम राजनांदगांव (छ. ग.)

Tel/Fax No. 07744-404893, E-mail- nigamrajnandgaon@gmail.com

क्रमांक 143/लोककर्म/2026-27 राजनांदगांव, दिनांक 12/11/2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत एक जगह सामुदायिक शौचालय पे एण्ड यूज के रखरखाव एवं संचालन हेतु स्व-सहायता समूह/एन.जी.ओ. से रूचि की अभिव्यक्तित के तहत् पंजीबद्ध डाक/स्पीड पोष्ट के माध्यम से दिनांक 26.11.2026 को समय संध्या 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्रं.	वार्ड	अमानत राशि	समयावधि
1	सामुदायिक शौचालय (6सीट) तहसील कार्यालय परिसर	2000.00	5 वर्ष

रूचि की अभिव्यक्ति के तहत् अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है तथा वेबसाईट www. mcrjn. com एवं www.uad.cg.gov.in में देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

आदेश क्र. 99/जसं/2026

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को मिलेगी 13839 प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि

खरीफ 2026 में उत्पादित एवं उपार्जित धान के रकबे के आधार पर मिलेगा योजना का लाभ

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कृषकों को कृषि निवेश में सहायता एवं खेती की लागत में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित कृषक उन्नति योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए नवीन दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार खरीफ 2026 में बोए गए धान, जिसे विपणन वर्ष 2026-27 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं लैम्प्स के माध्यम से उपार्जित किया जाएगा अथवा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा धान बीज के रूप में उपार्जित किया जाएगा, उससे संबंधित बोए गए रकबे पर किसानों को प्रति एकड़ 13839 की समान दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।



प्रति एकड़ 13,839 की सहायता राशि का निर्धारण

शासन द्वारा निर्धारित गणना के अनुसार कॉमन धान का समर्थन मूल्य 2441 प्रति क्विंटल तथा निर्धारित आधार मूल्य 3100 प्रति क्विंटल के अंतर 659 को अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ से गुणा करने पर 13839 प्रति एकड़ आदान सहायता राशि निर्धारित की गई है। विशेष बात यह है कि किसान द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ से कम मात्रा में भी धान उपार्जन हेतु विक्रय किए जाने पर, डिजिटल क्रॉप सर्वे में सत्यापित बोए गए धान के पात्र रकबे के अनुसार निर्धारित दर से सहायता राशि देय होगी।

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रमुख पात्रता

किसान का खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीयन होना आवश्यक है तथा संबंधित किसान से मार्कफेड द्वारा सहकारी समिति व लैम्प्स के माध्यम से धान उपार्जित किया जाना चाहिए। धान बीज उत्पादक किसानों के लिए बीज निगम द्वारा धान बीज का उपार्जन किया जाना आवश्यक है। कृषक का एग्रीस्टैक में पंजीयन अनिवार्य होगा। किसान द्वारा बोए गए धान के रकबे का डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से सत्यापन होने के बाद ही सहायता राशि देय होगी। जहां डिजिटल क्रॉप सर्वे का डेटा उपलब्ध नहीं है, वहां जिला कलेक्टर की अनुमति से गिरदावरी के आधार पर सत्यापित रकबे के अनुसार सहायता राशि दी जा सकेगी। ग्रीष्मकालीन मौसम में बोए गए धान के लिए इस योजना का लाभ देय नहीं होगा।

आधार लिंक बैंक खाते में होगा भुगतान

योजना अंतर्गत पात्र किसानों को आदान सहायता राशि का भुगतान उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से किया जाएगा। धान विक्रय के लिए टोकन जारी करते समय ही किसान द्वारा कृषक उन्नति योजना अंतर्गत निर्धारित प्रारूप में आवेदन किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे अपना एग्रीस्टैक पंजीयन पूर्ण कराएं, बैंक खाते को आधार से लिंक रखें तथा धान बोए गए रकबे का डिजिटल क्रॉप सर्वे में सही सत्यापन सुनिश्चित करें, ताकि योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। कृषक उन्नति योजना का उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, कृषि लागत में कमी, किसानों की आय में वृद्धि तथा आधुनिक कृषि तकनीकों एवं बाजारोन्मुखी फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित कर कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित करना है।

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने चार मंडलों में लगाई जन चौपाल, मतदाता अधिकारों को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

राहुल गांधी की लड़ाई केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि लोकतंत्र और नागरिकों के मताधिकार की लड़ाई है - जितेंद्र मुदलियार



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में संचालित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत गुरुवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शहर के चार मंडलों में जन चौपाल का आयोजन किया गया। तुलसीपुर मंडल में ममता नगर चौक, चिखली मंडल में शांति नगर रोड, पेण्ड्री मंडल में स्कूल मैदान और नंदई मंडल में सिंगदई में आयोजित जन चौपाल के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाता अधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर लोगों के बीच अपनी बात रखी।

चारों जन चौपालों को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान किसी एक राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा का जन अभियान है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठा रहे हैं। उनकी भूमिका केवल संसद में सरकार से सवाल पूछने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही, निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए देशव्यापी जनजागरण खड़ा करने की है।

मुदलियार ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की सबसे बड़ी ताकत उसका वोट है। यदि मतदाता सूची में गड़बड़ी होती है, पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं अथवा निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं तो यह सीधे लोकतंत्र की नींव को प्रभावित करता है। कांग्रेस इसी चिंता को लेकर जनता के बीच पहुंच रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को लोकतंत्र में सवालों से डरना नहीं चाहिए। निर्वाचन व्यवस्था को लेकर उठने वाले हर सवाल का पारदर्शी और तथ्यात्मक जवाब मिलना चाहिए। लोकतंत्र केवल चुनाव कराने से मजबूत नहीं होता, बल्कि चुनाव प्रक्रिया पर जनता का भरोसा कायम रखने से मजबूत होता है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस अभियान को केवल सभा, नारे और ज्ञापन तक सीमित न रखें। प्रत्येक मंडल, वार्ड और बूथ में घर-घर पहुंचकर लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करें। मतदाता सूची की जांच, पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने और किसी भी तरह की विसंगति सामने आने पर नियमानुसार शिकायत दर्ज कराने में लोगों की सहायता करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की असली परीक्षा सड़क पर संघर्ष करने के साथ-साथ जनता के बीच जाकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने में है। संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

जन चौपाल में ब्लाक अध्यक्ष चेतन भानुशाली ने अभियान के उद्देश्यों और संगठन की भूमिका पर विचार रखे। मंडल अध्यक्षों राहुल गजभिए, निरंजन पासवान, पारस लहरे व आफताब अहम में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। जन चौपाल में मेहुल मारु, रुपेश दुबे, रमेश राठौर, हेमा देशमुख, कुलबीर छाबड़ा, संतोष पिल्ले, राकेश जोशी, मनीष गौतम, विनय झा, शेखर वैष्णव, विनय झा, देवेश वैष्णव, ललित मरकाम, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, अमर झा, गोलू नायक, राहुल गजभिये , पारस लहरे, आफताब अहमद, निरंजन पासवान , सुरेंद्र देवांगन, विशु आजमानी, सुरेन्द्र गजभिये, नीलेश ठावरे, सोनू साहू, कुंदन, राहुल चौबे, सकुर चौहान, अभिमन्यु मिश्रा, राजिक सोलंकी, शुभम सिन्हा, जुगल ताम्रकार, जयप्रकाश साहू, लकी साहू, राहुल साहू, दिशू देवांगन, पूर्णिमा नागदेव, पायल, ममता गजभिये इशाक खान, मुन्ना इब्राहिम, अज्जू रहमान, यादराम भीमटे, सहित ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडल, प्रकोष्ठों एवं विभागों के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पहला कॉलम...

भारत की बेटी स्वाति सोनी ने थाईलैंड में लहराया परचम

योगा और शॉट पुट में स्वर्ण, लॉन्ग जंप में रजत पदक जीतकर बढ़ाया देश का मान



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव की बेटी स्वाति सोनी ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत, छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव का गौरव बढ़ाया है। कामठी लाइन निवासी विनोद सोनी की सुपुत्री एवं स्व. रामनिरंजन सोनी की पौत्री स्वाति सोनी ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित एसबीकेएफ इंटरनेशनल ओपन गेमस 2026 में दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन (एसबीकेएफ) द्वारा 26 से 30 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में स्वाति ने व्यक्तिगत प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने योगा एवं शॉट पुट (गोला फेंक) में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, वहीं लॉन्ग जंप (लंबी कूद) में द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया।

स्वाति सोनी वर्तमान में अपने परिवार के साथ रायपुर में निवासरत हैं, लेकिन उनकी पारिवारिक जड़ें राजनांदगांव से जुड़ी हैं। उनके पिता विनोद सोनी एवं दादा स्व. रामनिरंजन सोनी का नाम राजनांदगांव से जुड़ा होने के कारण उनकी इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर संस्कारधानी में भी हर्ष का माहौल है।

स्वाति ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन, गुरुजनों के मार्गदर्शन तथा माता-पिता के प्रोत्साहन और सहयोग को दिया है। उनकी यह उपलब्धि महिला खिलाड़ियों, युवाओं एवं नई खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर तीन पदक जीतकर स्वाति ने साबित किया है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं। स्वाति की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

खमतराई इलाके की फैक्ट्री में भीषण आग, लपटों से मची अफरा-तफरी; मजदूरों के फंसे होने की आशंका




रायपुर। राजधानी के खमतराई थाना क्षेत्र में शुक्रवार को गजराज फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में सिंटेक्स की पानी टंकियां बनाने का काम किया जाता है। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में उसने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री में प्लास्टिक सामग्री और पानी की टंकियां बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की मौजूदगी के कारण आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ रही है।

घटना की सूचना मिलते ही खमतराई पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां लगाई गई हैं। दमकलकर्मी लगातार पानी की बौछार कर आग को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। आग की लपटें तेजी से फैलने के कारण आसपास के क्षेत्र में भी चिंता का माहौल है।

मजदूरों के फंसे होने की आशंका, बचाव की कोशिश जारी

फैक्ट्री में आग लगने के दौरान कुछ मजदूरों के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। इसे देखते हुए पुलिस और दमकल विभाग की टीम विशेष सतर्कता बरत रही है। आग पर काबू पाने के साथ ही फैक्ट्री के अंदर संभावित रूप से फंसे लोगों की तलाश और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फैक्ट्री में कितने मजदूर मौजूद थे और आग से कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी भी सामने आना बाकी है। दमकल विभाग की टीमें आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटी हुई हैं।

पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना के 80वें जन्मदिन पर नई पुस्तक का होगा विमोचन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की पावन माटी में पीढ़ियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बन चुके प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ और वात्सल्य की सजीव प्रतिमूर्ति पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना 14 नवंबर (बाल दिवस) को अपने जीवन के 80वें स्वर्णिम वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक और पावन अवसर पर 14 नवंबर 2026, शनिवार शाम 7.30 बजे उदयाचल, राजनांदगांव में एक अत्यंत भव्य एवं गरिमामय 'स्नेह उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है।

चिकित्सा सेवा को केवल पेशा न मानकर निष्काम साधना और करुणा का मार्ग बनाने वाले डॉ. बाफना का जीवन हर किसी के लिए प्रेरणास्रोत है। राजनांदगांव सहित दुर्ग, बालोद, खैरागढ़, कवर्धा, रायपुर और नागपुर तक के अभिभावक बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उन पर अटूट श्रद्धा व विश्वास रखते हैं। मासूमों की नब्ज, आँखों की चमक और उनकी रोहट से बीमारी का सटीक अंदाज़ा लगाना तथा बिना महंगी जाँचों के सुलभ व किफायती इलाज मुहैया कराना उनकी अनूठी पहचान है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को निःशुल्क दवाइयाँ देना उनके सेवाभावी जीवन का अभिन्न अंग रहा है। जन-स्वास्थ्य जागरूकता में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें 'पद्मश्री' से अलंकृत किया जा चुका है।

उदयाचल में आयोजित इस स्नेह समारोह का मुख्य आकर्षण डॉ. बाफना की नई पुस्तक का विमोचन होगा। इस पुस्तक में उनके 80 वर्षों के चिकित्सकीय संस्मरणों, मासूमों की निश्छल दुनिया और राजनांदगांव के बदलते रंगों को समेटा गया है।

भाजपा जनजातीय मोर्चा मनायेगा भगवान बिरसा मुंडा जयंती - एम डी. ठाकुर

रायगढ़ के धर्मजयगढ़ में राज्य स्तरीय गौरव गाथा आयोजन में जुटेंगे आदिवासी जन

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार का जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 15 नवंबर तक जन जातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन के निर्देश पर 239 जिलों और 568 एसटी विधानसभा क्षेत्रों में भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातु में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता लेते हुए जनजातीय प्रदेश मोर्चा के उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता एम डी ठाकुर ने बताया कि एस सी एस टी हितैषी भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के रायगढ़ क्षेत्र के धर्मजयगढ़ में विशाल आदिवासी आयोजन और भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को आयोजित उक्त कार्यक्रम की तैयारी की देखरेख के लिए भाजपा नेत्री स्मृति इरानी वहां पहुंची हुई है।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, प्रदेश



जन जातीय मोर्चा के देवेंद्र जी, मोर्चा अध्यक्ष गोपाल भूआर्य,अमर ललवानी, रवि सिन्हा आदि की उपस्थिति में श्री ठाकुर ने बताया कि जब से देश के दबंग एवं यशस्वी नेता नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं तब से आदिवासी उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151 वीं जयंती मनाया जा रहा है। जिसे देश जन जातीय गौरव दिवस के रूप में मनाता है। भाजपा द्वारा 11 से 18 नवंबर तक देश के हर जन जाति बहुल जिले, विधानसभा और मंडल में जन जातीय गौरव सप्ताह मना रही हैं।

हमारा देश, हमारा राज का नारा

प्रेस वार्ता में प्रदेश जन जातीय मोर्चा के देवेंद्र ने बताया कि अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई 1857 से ही नहीं बल्कि इससे 100 वर्ष पूर्व 1784 में आदिवासी जांबाज तिलकामांझी, सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव, आदि सहित छत्तीसगढ़ में वीर नारायण सिंह, गैंदलाल के अलावा बड़ी संख्या में आदिवासियों ने लड़ाइयां लड़ी। उन्होंने बताया कि 1913 में मानगढ़ धाम पर गोविंद गुरु के सैकड़ों भील अनुयायियों का बलिदान जलियांवाला बाग से भी पहले का है। जिसे 2022 में प्रधानमंत्री मोदी जी वहां जाकर नमन किया। दुर्भाग्य से कांग्रेस पार्टी द्वारा आदिवासियों के दशकों के इतिहास को कुछ चुनिंदा नामों तक सिमित रखा गया और उपरोक्त जैसे हजारों स्वतंत्रता सेनानी पाठ्य-पुस्तकों से गायब रहे। उन्होंने बताया कि जब अंग्रेजी शासन जन जातीय समाज की जमीन, जंगल और स्वाभिमान छीन रहा था भगवान बिरसा मुंडा ने समाज को नशें और कुरुतियों से दूर रहने, अपनी संस्कृति पर गर्व करने और विदेशी सत्ता से लड़ने के लिए जगाया। बिरसा जी ने उलगुलान (महाक्रांति)का नेतृत्व किया और ÷अबुआ दिशुम,अबुआ राज÷ यानि हमारा देश हमारा राज÷ का नारा दिया। ऐसे देश के मसीहा और आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा को 9 जून 1900 को केवल 25 वर्ष की आयु में झारखंड के रांची जेल में उन्हें जहर देकर मार दिया गया। उनके संघर्ष से 1908 में छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम बना, जिसने जन जातीय ज़मीन की रक्षा की। इसलिए आदिवासी समाज बिरसा मुंडा जी को धरती आबा कह कर भगवान के रूप में पूजता है।

जिले में होगा भव्य आदिवासी आयोजन

प्रेस वार्ता में बताया गया कि जन जातीय गौरव दिवस के अवसर पर राजनांदगांव जिले में भी भव्य आदिवासी आयोजन होंगे। 14 नवंबर को स्मारकों व मूर्तियां की सफाई और दीपोत्सव, तथा 15 नवंबर को जिला स्तर पर प्रतिमा र सर मंडल में चित्रपर पुष्पांजलि होगी। 16,17 और 18 को विधानसभा क्षेत्रों में युवा संवाद, आयोजित होंगे और जन जातीय छात्रावास संपर्क अभियान के माध्यम से हमारे कार्यकर्ता छात्रावासों में जाकर जन जातीय विद्यार्थियों से संवाद करेंगे तथा उन्हें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, जन जातीय गौरव दिवस के महत्व और जन जातीय कल्याण की योजनाओं से अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि पूरे सप्ताह स्वाभिमान सम्मेलन, शोभायात्रा, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेल कूद,व मेला-मंडई ,पद्म सम्मानित व्यक्तित्व, 'मन की बात' के नायकों, समाजसेवियों, संत और नायकों के परिजनों का अभिनंदन, सरकारी आयोजन में सह भागिता और सोशल मीडिया अभियान चलेगा। इसके अलावा और भी विभिन्न आयोजन होंगे।

नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने सफाई में दिखाई तत्परता

0 दिवाली के दूसरे दिन सुबह से ही त्योहारी कचरे की सफाई

0 आयुक्त बाजार क्षेत्र में स्वयं रहे उपस्थित

राजनांदगांव (दावा)। दिपावली त्योहार के लिए लोग उत्साह से खरीदारी करते है, जिसके कारण बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्ग के अलावा सभी क्षेत्रों में अत्याधिक भीड हो जाती है। साथ ही बड़े छोटे दुकानो के अलावा ठेला, खोमचा, पसरा, लगाकर बाजार क्षेत्र एवं चैक चैराहो में सामाग्री विक्रय करने वालो के कारण भी अत्याधिक मात्रा में कचरा एकत्रित हो जाता है। इसके अलावा फटाका फोडने के बाद वेस्ट मटेरियल सडको में फैल जाता है, उक्त कचरे की सफाई के लिए नगर निगम का स्वास्थ्य अमला ने तत्परता दिखाई और दीपावली के दूसरे दिन सुबह से शहर में चैक चैराहो, मुख्य मार्गो व सडकों तथा बाजार मे फैले त्योहारी कचरे की सफाई किए। निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम स्वयं निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों का हौसला बढ़ाया।

नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सक्रिय भागीदारी निभाकर प्रतिदिन शहर की सफाई कार्य में लगे रहते है। एक ओर जहॉ सफाई





कर्मी शहर की नाली व नालो की सफाई के अलावा चैक चैराहो, मोहल्ले की सड़को व गलियो का कचरा साफ करते है, वही स्वच्छता दीदीयॉ घर घर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरे का निपटान करते है। बरसात के पूर्व नाली नालो तथा त्योहारी सीजन में व बड़े छोटे आयोजनो के पश्चात गैंग के माध्यम से साफ सफाई की जाती है, ताकि शहर का उक्त क्षेत्र साफ सुथरा होकर पूर्व की स्थिति में आ जाए।

हिन्दुओ का सबसे बड़ा पर्व दिपावली त्योहार जिसमें पूरे शहर में भीड का माहोल रहता है तथा दुकानो के अलावा चैक चैराहो में ठेला पसरा के कारण बाजार क्षेत्र एवं मुख्य मार्गो में भारी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक, पालीथीन पेपर तथा फटाको के अवशेष आदि एकत्रित हो जाता है, जिसे निगम के सफाई अमला ने दिवाली के दूसरे दिन सुबह से तत्परता के साथ कचरा उठाए। जयस्तंभ चैक, गंज चैक, नंईद चैक आदि चैक चैराहो के अलावा बाजार एवं मुख्य मार्ग में दिन व रात दोनो पालियो में सफाई अभियान चलाकर कचरा साफ किया गया।

आयुक्त श्री मरकाम स्वयं सुबह शहर में निरीक्षण कर सफाई कर्मियो का हौसला बढ़ाए। उन्होंने शहर के बाजार एवं मुख्य मार्गो के अलावा फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सफाई देख कचरा उठाने कहा। उन्होंने कहा कि शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे। उन्होंने दुकानदारो एवं पसरा वालो से भी कहा कि अपने दुकान व पसरा से निकलने वाला कचरा, कचरा गाडी में ही डाले, डस्टबिन का उपयोग करे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

नागपुर मंडल में विभिन्न मरम्मत और रखरखाव कार्यों के लिए ई-निविदा सूचनाएं

1. निविदा संख्या: EL-G-E-OT-26-27-23R1 दिनांक: 06.11.2026
कार्य का नाम: नागपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर दो (02) वर्षों की अवधि हेतु स्थापित विभिन्न निर्माताओं के 100 KVA से 500 KVA क्षमता वाले डीजल जनरेटर सेटों की वार्षिक ओवरहॉलिंग एवं सर्विसिंग अनुबंध, जिसमें छोटे स्पेयर पार्ट्स का प्रतिस्थापन तथा AMF पैनल की मरम्मत सम्मिलित है।
निविदा मूल्य: ₹ 20,49,233/-
बिड सुरक्षा राशि: ₹ 41,000/-

2. निविदा संख्या: EL-G-E-OT-26-27-28
कार्य का नाम: गोंदिया कोचिंग डिपो व इतवारी (NITR) कोचिंग डिपो, नागपुर मंडल में दो (02) वर्षों की अवधि के लिए AC कोचों के रूफ माउंटेड पैकेज यूनिट्स (RMPUs) का समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध, जिसमें ट्रेनों के एस्कॉर्टिंग संचालन, अनुरक्षण तथा दोष निवारण (ट्रबल शूटिंग) कार्य शामिल हैं।
निविदा मूल्य: ₹ 1,48,46,390/-
बिड सुरक्षा राशि: ₹ 2,96,900/-
निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि: दिनांक 17.11.2026 से 01.12.2026 के 15:00 बजे तक। **निविदाएं खोलना:** दिनांक 01.12.2026 को 15:00 बजे।
अधिक जानकारी हेतु वरिष्ठ डीईई (RS&G) / नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें / डाउनलोड करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर
D360S/48-180

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

अनमोल 'दावा'

"समय की कदर करना ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। जो समय का सम्मान करता है, समय उसका साथ देता है।

आतंक ने फिर सिर उठाया

कश्मीर के कुलगाम जिले में सीआरपीएफ के एक नाके पर आतंकी हमला इस आवश्यकता को फिर से रेखांकित कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर में अभी आतंकवाद की कमर पर और चोट करना शेष है। चिंताजनक केवल यह नहीं कि सीआरपीएफ नाके पर हुए हमले में तीन जवान घायल हो गए, बल्कि यह भी है कि घात लगाकर गोलीबारी करने के बाद आतंकी भागने में सफल रहे। बहुत संभव है कि देर-सबेर उन्हें ढेर कर दिया जाए, लेकिन इस पर तो ध्यान दिया ही जाना चाहिए कि उन्हें स्थानीय स्तर पर किसी ने शरण दी होगी।

हालांकि जम्मू-कश्मीर में आतंक अंतिम सांसें ले रहा है और आतंकी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन वह तब तक दम तोड़ने वाला नहीं, जब तक आतंकियों को स्थानीय स्तर पर समर्थन और संरक्षण मिलना बंद नहीं होता। स्पष्ट है कि आतंकियों के खुले-छिपे समर्थकों के खिलाफ और कठोरता दिखानी होगी। इसके लिए सुरक्षा बलों को अपनी रणनीति भी बदलनी होगी, क्योंकि उनकी सख्ती के चलते हाइब्रिड किस्म के आतंकी और उनका साथ देने वाले ओवर ग्राउंड वर्कर उभर आए हैं। हाइब्रिड आतंकी वे तत्व हैं, जो सामान्य लोगों जैसे रहते हुए आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

इसी तरह ओवर ग्राउंड वर्कर भी आम लोगों की तरह जीवन-यापन करते हुए आतंकियों को शरण देने, उन्हें सूचनाएं पहुंचाने और उनके हथियारों को इधर-उधर करने का काम करते हैं। चूंकि इन तत्वों की पहचान करना कठिन होता है, इसलिए सुरक्षा बलों की तमाम सतर्कता के बाद भी आतंकी जब-तब हमले करने में सफल हो जाते हैं। ऐसे हमले उनकी हताशा के साथ-साथ उनके दुस्साहस को भी बयान करते हैं।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों को उसी दिन निशाना बनाया गया, जिस दिन उपराज्यपाल शहर के एक कालेज में तीन दिनों तक चलने वाले एक सांस्कृतिक-व्यापारिक उत्सव में शामिल होने गए थे। ऐसे मौके पर आतंक का सिर उठाना शुभ संकेत नहीं। निःसंदेह अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद जम्मू-कश्मीर का माहौल बदला है, लेकिन शायद अभी वह समय नहीं आया कि उसके पूर्ण राज्य के दर्जे को बहाल करने पर विचार किया जाए।

चूंकि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को नए सिरे से खाद-पानी देने की कोशिश में है, इसलिए यह भी आवश्यक है कि नियंत्रण रेखा को पूरी तरह अभेद्य बनाया जाए। इसी के साथ पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश देने में संकोच न किया जाए कि वह आपरेशन सिंदूर भूलने की गुस्ताखी न करे। पाकिस्तान को यह पता चलते रहना चाहिए कि आतंक के सहारे भारत को नुकसान पहुंचाने की उसकी कोई भी कोशिश उस पर बहुत भारी पड़ेगी। भारत को उससे तब तक सतर्क रहना होगा, जब तक उसकी जमीन पर आतंकियों के अड्डे खत्म नहीं हो जाते।

ड्रग से भी खतरनाक डिजिटल स्क्रीन

(मनोज कुमार अग्रवाल)

आज मोबाइल पर रील ओटीटी चैनल पर बढ़ता स्क्रीन टाइम पारिवारिक माहौल में जहर घोलने का काम कर रहा हैं। परिजनों के बीच भी बैठे एक ही परिवार के सदस्यों के बीच वार्तालाप के समय को इस डिजिटल सौतन ने छीन लिया है। लोग साथ बैठे होते हैं, लेकिन सबका ध्यान अपनी स्क्रीन पर होता है। आमने-सामने बैठकर दिल की बातें करने का समय खत्म हो रहा है डाइनिंग टेबल हो या ड्राइंग रूम सब की मौजूदगी में भी सब अकेले हैं। किसी व्यक्ति से बात करते समय बार-बार अपना फोन देखना या उसमें खो जाना सामने वाले को उपेक्षित महसूस कराता है यह एक कटु सच्चाई है भावनाओं, हंसी और दुख को साझा करने के बजाय लोग सोशल मीडिया की वर्चुअल दुनिया में अधिक समय बिताने लगे हैं। आपसी रिश्ते मोबाइल और सोशल मीडिया के निशाने पर हैं। मैसेज या चैट के जरिए बात करने पर चेहरे के हाव-भाव और टोन नहीं समझ आते, जिससे कई बार गलतफहमियां और झगड़े बढ़ जाते हैं।

हाल ही में एक ऐसा ही मामला काफी सुर्खियों में आ गया जब एक ही छत के नीचे रहने वाले वरिष्ठ चिकित्सक दंपती के बीच मोबाइल डिजिटल सौतन बन गया। पति सर्जन और पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। पति को यूट्यूब पर वीडियो देखने की लत दो वर्ष पहले पड़ी। वह घर आने के बाद पत्नी से बात करने की जगह मोबाइल पर वीडियो देखने लग जाते हैं। इससे पत्नी चिढ़ने लगीं, पति को समझाने का प्रयास किया। लत नहीं छूटी। आगरा का यह मामला इसी गंभीर स्थिति का एक सटीक और बेहद चौंकाने वाला उदाहरण है। आगरा पुलिस के परिवार परामर्श केंद्र में हाल ही में आया यह केस यह साबित करता है कि मोबाइल एडिक्शन किसी भी वर्ग या पेशे के व्यक्ति को अपना शिकार बना सकता है।



इस पूरे मामले के मुख्य बिंदुओं पर नजर डाल लीजिए। इस मामले में पति एक सर्जन हैं और पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। दोनों ही उच्च शिक्षित और प्रतिष्ठित पेशेवर हैं। पत्नी ने काउंसलिंग के दौरान अपनी नाराजगी और लाचारी जाहिर करते हुए एक बेहद तीखी बात कही। उन्होंने कहा, वीडियो देखने से अच्छा है कि पति नशा या शराब ही पी लिया करें, कम से कम उस बहाने मुझसे बात तो करेंगे। यह बयान दिखाता है कि पार्टनर की डिजिटल अनदेखी किसी को किस हद तक मानसिक रूप से आहत कर सकती है।

आगरा कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर और काउंसलर्स के मुताबिक, इस दंपती की दो बार काउंसलिंग की जा चुकी है, जिसके बाद उनके बीच का तनाव और कड़वाहट धीरे-धीरे कम हो रहा है।

आगरा पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के आंकड़े बताते हैं कि वहां आने वाले वैवाहिक विवादों के कुल मामलों में से 35 से 40 प्रतिशत मामले केवल मोबाइल स्क्रीन टाइम और डिजिटल एडिक्शन के कारण आ रहे हैं। अब शराब की लत या पारिवारिक हस्तक्षेप से भी बड़ी वजह यह डिजिटल सौतन बनती जा रही है

अकेले में मोबाइल की स्क्रीन देखकर अपने चेहरे के भाव बदलते रहते हैं। यह अकेला मामला नहीं है, पति-पत्नी के बीच मोबाइल डिजिटल सौतन की जगह ले रहा है। घर और परिवार से दूर रहने वालों के बीच दूरियां कम करने वाला मोबाइल एक छत के नीचे रहने वाले पति-पत्नी के बीच अनदेखी डिजिटल दीवार खड़ी कर रहा है। घर में मोबाइल को अधिक समय देना, बार-बार वाट्सएप चेक करना और चैट करना पति-पत्नी के रिश्तों में दरार पैदा कर रहा है। परिवार परामर्श केंद्र में वर्तमान में एक हजार से अधिक मामले पहुंचे, जिनमें 35 से 40 प्रतिशत मामले मोबाइल के चलते होने वाली रार के थे। पिछले तीन वर्ष में इस तरह के मामलों में बढोत्तरी हुई है। इससे पहले पति-पत्नी का एक दूसरे पर किसी और से प्रेम संबंध होने का शक करने के मामले अधिक थे।

एक अध्ययन में अमेरिका के 40,337 बच्चों और किशोरों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया था। इसमें पाया गया कि 14 से 17 साल के जिन किशोरों ने रोजाना सात घंटे या उससे अधिक स्क्रीन का इस्तेमाल किया उनमें एक घंटे तक स्क्रीन इस्तेमाल करने वालों की तुलना में डिप्रेशन या एंग्जायटी में होने की संभावना दोगुने से ज्यादा थी लेकिन यह अध्ययन दोनों के बीच संबंध दिखाता है। इसमें यह साबित नहीं होता है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम ही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का एकमात्र कारण है। फिर भी इस आकड़े के नतीजे से डिजिटल आदतों पर ध्यान देने की जरूरत बढ़ जाती है।

अगर आप अपना स्क्रीन टाइम कम करना चाहते है तो इसकी शुरुआत छोटे बदलावों से की जा सकती है। जिसमें खाना खाते समय फोन दूर रखें, दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत के दौरान नोटिफिकेशन बंद करें और दिन में कुछ समय टहलने, व्यायाम करने या कोई नया शौक सीखने के लिए निकालना शुरू कर दें। वहीं, सोने से पहले मोबाइल का इस्तेमाल सीमित करना और बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नजर रखना भी उपयोगी हो सकता है। इसमें ध्यान रखें कि काम, पढ़ाई और मनोरंजन के लिए स्क्रीन की जरूरत अलग-अलग होती है इसलिए सभी के लिए एक ही समय-सीमा सही नहीं मानी जाएगी।

आखिर में तकनीक को पूरी तरह छोड़ना जरूरी नहीं बल्कि उसका समझदारी से इस्तेमाल करना जरूरी है। देखा जाता है कि डिजिटल दुनिया से जुड़े रहने के साथ वास्तविक रिश्तों, शारीरिक गतिविधियों और खुद के लिए समय निकालना मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए बेहतर संतुलन बनाने में मदद कर सकता है। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं जिसमें पढ़ाई से लेकर ऑफिस के काम और दोस्तों से बातचीत तक कई गतिविधियां स्क्रीन के जरिए होती हैं। वहीं, अब तकनीक ने जिंदगी को और भी आसान बना दिया लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डाल सकता है जिसको देखते हुए सवाल यह है कि क्या हम तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं या धीरे-धीरे उसी पर निर्भर होते जा रहे हैं?

यदि जीवन में डिजिटल संसार ने ज्ञान का अपार भंडार खोल दिया है तो दूसरी ओर जीवन में सरलता, सहजता और अन्तर्मन की खुशी को कहीं न कहीं प्रभावित किया है। जीवन में बहुत कुछ सीखने, पाने, हासिल करना उस समय निरर्थक हो जाता है जब भीतर का आह्लाद अनुभव नहीं होता जब पास में मौजूद प्रकृति का सौंदर्य बोध हृदय में कोई उमंग नहीं जगाता जब पास मे मौजूद परिजनों से मिलकर बात कर कोई खुशी महसूस नहीं होती जब जीवन के अस्तित्व से जुड़ी अनुभूतियाँ क्षीण होने लगती है। डिजिटल सौतन के साथ मोबाइल स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से यही हालात बन रहे हैं। (हिफी)

दिवाली के बाद बढ़ा स्मॉग, किडनी मरीजों के लिए बन सकता है खतरा

हवा में मौजूद बारीक कण फेफड़ों के जरिए खून में मिल सकते हैं, जिससे ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस, सूजन और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है। इससे किडनी में रक्त संचार और फिल्टर करने की प्रक्रिया में दिक्कतें आ सकती हैं।

शालीमार बाग स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल के डायरेक्टर और नेफ्रोलॉजी, डॉ. योगेश कुमार छाबड़ा, कहते हैं कि खासकर, ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों की किडनी के कामकाज पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत होती है, इसलिए पर्यावरण से जुड़े तनाव उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। पर्यावरण प्रदूषण पहले से मौजूद हाई ब्लड प्रेशर और दिल की समस्याओं को और बिगाड़ सकता है, जिससे किडनी पर और ज्यादा दबाव पड़ता है।

बाहर जाने से बचें: सुबह और शाम के



समय, जब प्रदूषण सबसे ज्यादा होता है, तब बाहर टहलने न जाएं। बाहर निकलने से पहले ऊ्ढ (वायु गुणवत्ता सूचकांक) जरूर चेक कर लें।

सही तरीके से फिट होने वाला ह्95 मास्क पहनें : अगर आपको बाहर जाना ही पड़े, तो अच्छी तरह फिट होने वाला ह्95 मास्क पहनें। घर के अंदर की हवा साफ रखें- प्रदूषण के चरम समय के दौरान खिड़कियां बंद रखें और HEAP एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। खुद को हाइड्रेटेड रखें, लेकिन डॉक्टर से सलाह जरूर लें : अपने ट्रांसप्लांट डॉक्टर की सलाह के अनुसार पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ (पानी, जूस आदि) लें। डॉक्टर की सलाह के बिना पानी की मात्रा बढ़ाना सही नहीं है। किडनी के कामकाज पर नजर रखें : अपने ब्लड प्रेशर, पेशाब की मात्रा और क्रिएटिनिन के स्तर पर ध्यान रखें।

इन संकेतों पर ध्यान दें

अगर पेशाब कम आ रहा हो, पैरों या चेहरे पर सूजन हो, बुखार हो, सांस लेने में दिक्कत हो, बहुत ज्यादा थकान महसूस हो या ब्लड प्रेशर बढ़ जाए, तो तुरंत डॉक्टर से मदद लें। जिन लोगों का किडनी ट्रांसप्लांट हो चुका है या जो इसके इंतजार में हैं, उन्हें दीवाली के बाद क्या खास कदम उठाने चाहिए, इस बारे में अपने नेफ्रोलॉजिस्ट से सलाह लेनी चाहिए।

कविता

"मनभावन कातिक महीना"

कुम्हड़ा-कोचई के साग सिरगे, फूटगे सबो पटाखा।
नइ बाँचिस सुरहोती के थोरको, पेड़ा, खील -बताशा।।
बाहिर-भीतर म सबो रेंगिस, लटपट ले मिले रिहिस।
देखा-देखी म हमू झपायेन, बन गेन हमन तमाशा।।
गुँथे रहेन झालर- लड़ी ल, उनला धरत-सकेलत हन।
अड़बड़ होगे जींस-टॉप, अब स्वेटर-कंबल हेरत हन।।
राम-रमउवा, राम-भजन, घर लहुटगे समधी- सजन।
गोवर्धन ल बने खुंदायेन, माथ चिक्कन धोवत हन।।
दियना जलायेन येती-वोती, वोकरो लगथे जोरा हा।
मान- गउन ल पाईस सुग्घर, लहुटिस गौरी-गौरा हा।
मनभावन हे कातिक महीना, दिया-बाती अंगना-अंगना।
दिन हावय मातर-मड़ई के, रिगबिग तुलसी चौरा हा।।

रोशन साहू "मोखला"
(राजनांदगांव)
7999840942



मां और बेटा

भारत माता की सेवा में अपने सिरों को भेंट चढ़ाने वाले क्रांतिकारी वीर तो थे ही, उन वीरों की माताएं महावीर थीं। जो मुस्कुराते हुए अपने कलेजे के टुकड़ों को क्रांति की बलिवेदी पर अर्पित कर देती थीं।

प्रसिद्ध क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल को फांसी की सजा सुना दी गई थी। फांसी लगने से एक दिन पहले उनकी बूढ़ी मां जेल में उनसे मिलने आई। मां को देखकर दृढ़ हृदय बिस्मिल रो पड़े, परंतु मां भी कुछ कम वीर न थी। मां ने अपने बेटे के आंसू पोंछते हुए कहा- "प्यारे रामू। इतने दिन तो तुम भारत माता की आजादी के लिए आंसू बहाते रहे और अब आखिरी समय पर मेरे लिए रो रहे हो। इस समय तुम अपना दिल छोटा मत करो। तुम वीर हो। तुम्हें हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूलना चाहिए तभी मेरी कोख सार्थक होगी। मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि मेरा बेटा कल भारत माता की आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान करने जा रहा है। मेरा काम तो तुम्हें पाल-पोसकर बड़ा करना था। तुम्हारा शरीर और आत्मा भारत माता के ही हैं। और ये दोनों गुलामी की बेड़ी तोड़ने के काम आ रहे हैं।"

ज्ञानामृत

यह सुनकर बिस्मिल चुप हो गए। वीर माता के इन शब्दों को सुनकर उन्होंने कहा- "प्यारी मां, मुझे मरने का दुख नहीं है। जो इस दुनिया में जन्म लेता है वह एक न एक दिन अवश्य मरता है पर जिस प्रकार अग्नि के पास घी पिघले बिना नहीं रह सकता, उसी प्रकार मां को देखकर बेटे का हृदय द्रवीभूत हो उठा। तुम विश्वास रखो मां कि तुम्हारा बेटा एक वीर की तरह मरेगा।"

कहते हैं मां और बेटे का यह वार्तालाप सुनकर जेल के अधिकारी भी रो पड़े थे।

शब्द सामर्थ्य -214

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, चहिया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अभीष्ट, मनसप्तद, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. ध्रुव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गरिमा 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अथकथा, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया को पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हाथ, कलम.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रोज़ा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. खूब बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लम्बोला, लोप्पुचा 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 212का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
ब		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
धी		प				ड़ी		ष
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		ग्री	ल			
त		क्ष		द	वा	खा	ना	

सु- दोकू क्र. 214

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सु-दोकू क्र.46 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

राशिफल

मेष

मेष राशि वालों आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। माता-पिता के साथ आप अपने मन की बातें साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वे आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। आज कार्यों में भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। आपको किसी रिश्तेदार से फोन पर शुभ सूचना मिल सकती है, जिससे घर में खुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

कर्क

कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी।आपके विनम्र स्वभाव की सराहना होगी। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेवजह उलझन लेने से बचना चाहिए।

तुला

तुला राशि वालों आज आपका दिन माता-पिता की सेवा में बीतेगा। आज आप जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं, तो पहले उसकी अच्छी तरह जांच-पड़ताल जरूर कर लें। आज का दिन सुखद बीतेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक या मनोरंजन संबंधी यात्रा का कार्यक्रम बनेगा। आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे। जो युवा आज नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें किसी अच्छे जगह पर नौकरी मिलेगी।

मकर

मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने व्यवहार में सुधार लाने की जरूरत है, क्योंकि कभी-कभी आपका जल्दबाजी और आवेशपूर्ण स्वभाव लोगों के लिए परेशानियां खड़ी कर देता है। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह अवश्य लें। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें।

वृष राशि

वृषभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको नकारात्मक सोचने से बचना चाहिए। आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। बच्चे आज आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही, उनके सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। आज आपका रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आज आपको वाहन सुख मिलने के योग बने हुए हैं।

सिंह

सिंह राशि वालों आज आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे, उसे पूरे मन से करेंगे। आपको कोई नया अनुभव मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए। रिश्तेदारों के घर आने से दिनभर का शेड्यूल बदल सकता है। घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

वृश्चिक

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज युवाओं को अपनी पढ़ाई और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं। आज कोई भी कागजी काम करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। आमदनी में आज इजाफा होने से आप बेहतर महसूस करेंगे। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

कुंभ

कुंभ राशि वालों आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में घबराने के बजाय अपनी बुद्धि और कार्य क्षमता का उपयोग करेंगे, तो समय रहते उचित हल भी निकल आएगी। आज अनुभवी और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन तथा सलाह पर उचित अमल करें। आज नवविवाहित दंपती के बीच मीठी नोक-झोंक होगी, जिससे रिश्ते में और मधुरता आएगी। प्रेम संबंधों में जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति समर्पण होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा। कोई खास कार्य संपन्न होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगे, तो काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने की योजना बनाएंगे।

कन्या

कन्या राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा और लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। किसी से बात करते समय मीठी भाषा का प्रयोग करें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। अगर आप लेखन के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आपकी कोई कविता या कहानी लोगों को खूब पसंद आएगी।

धनु

धनु राशि वालों आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। नौकरीपेशा लोगों की अच्छी आय होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के बाद काम बन जाएगा। सगे-संबंधियों से अच्छा तालमेल बनेगा। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क में घूमने जाने की योजना बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब आनंद लेंगे। सिलाई का काम करने वालों को अपने ग्राहकों से अच्छा लाभ होगा।

मीन

मीन राशि वालों आज आपका मन उत्साहित रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर आने के योग बन रहे हैं और उनकी सैलरी में इजाफा होगा। आज कुछ समय एकांत या आध्यात्मिक स्थल पर व्यतीत करेंगे। भाइयों के साथ चल रही समस्या किसी वरिष्ठ व्यक्ति की सहायता से हल हो जाएगी। कार्यक्षेत्र में तमाम कठिनाइयां होने के बावजूद आप उनसे निपटने में सफल होंगे।

खीरे के चश्में



कोलोन: कार्निवाल सीजन की शुरूआत से पहले पोज देती युवतियां।

कृषक उन्नति योजना: विष्णुदेव साय सरकार का ऐतिहासिक फैसला, किसानों को प्रति एकड़ मिलेंगे रु. 13,839, भाजपा नेताओं ने बताया 'मास्टर स्ट्रोक'



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'किसान ही देश की रीढ़ हैं' के संकल्प को साकार करते हुए, छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने अन्नदाताओं की समृद्धि के लिए एक युगांतकारी कदम उठाया है। राज्य शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2026 से कृषक उन्नति योजना के नवीन दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, जिसके तहत किसानों की आय में भारी वृद्धि होगी और पारदर्शिता के साथ उन्हें उनका पूरा हक मिलेगा।

योजना के प्रमुख प्रावधान एवं किसानों को लाभ

प्रति एकड़ रु. 13,839 की बंपर सहायता- योजना के तहत खरीफ 2026 में बोये गए धान के लिए किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में (डीबीटी के माध्यम से) दी जाएगी। यह राशि रु. 3100 और कॉमन ग्रेड धान के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (रु.2441) के अंतर (रु. 659) के आधार पर अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से तय की गई है।

किसानों को बड़ी राहत

कम उपज पर भी पूरा मुनाफा- नए आदेश की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यदि कोई किसान किसी कारणवश समिति में प्रति एकड़ निर्धारित 21 क्विंटल धान नहीं बेच पाता है, तब भी उसे कोई नुकसान नहीं होगा। किसान द्वारा बोए गए धान के सत्यापित रकबे के आधार पर उसे पूरी 13,839 रुपये प्रति एकड़ की दर से ही सहायता राशि प्राप्त होगी।

बीज उत्पादकों को भी लाभ- जो किसान प्रमाणित धान बीज का उत्पादन करते हैं और अपना बीज छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को बेचते हैं, उन्हें भी इस योजना का पूरा लाभ दिया जाएगा।

पारदर्शिता और शर्तें - योजना का लाभ पाने के लिए किसानों का 'एग्रीस्टैक' पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है तथा सहायता राशि डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) या गिरदावरी के माध्यम से सत्यापित रकबे के आधार पर ही मिलेगी। ग्रीष्मकाल में बोए गए धान पर यह योजना लागू नहीं होगी।

विपक्ष पर तीखा प्रहार : कांग्रेस ने किसानों को सिर्फ वोट बैंक समझा, भाजपा सरकार में खत्म होगा बिचौलियों का खेल

इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने इसे किसानों की उन्नति के लिए मील का पत्थर बताया। अपने प्रभावशाली वक्तव्य में उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के नए प्रावधानों से बिचौलियों का खेल और भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। चूँकि सहायता राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जाएगी, इसलिए बिचौलियों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी और हमारा अन्नदाता सच्चे अर्थों में समृद्ध होगा।

विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए श्री वर्मा ने कहा, कांग्रेस ने आज तक किसानों का उपयोग केवल अपने वोट बैंक के रूप में किया है। उन्होंने कभी अन्नदाताओं के उत्थान के बारे में नहीं सोचा और उन्हें हमेशा गरीबी के जाल में उलझाए रखा। लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में चल रही विष्णुदेव साय जी की सरकार निरंतर किसानों की समृद्धि के लिए काम कर रही है। यह सरकार किसानों को केवल मजबूत ही नहीं, बल्कि पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित है।÷

किसानों के हित में 'मास्टर स्ट्रोक'

सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अंबर जोशी ने राज्य सरकार के इस निर्णय को कृषि क्षेत्र में एक 0मास्टर स्ट्रोक' करार दिया है। इस दूरदर्शी फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, ÷यह निर्णय साबित करता है कि हमारी सरकार सच्चे अर्थों में किसान-हितैषी है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विष्णुदेव साय सरकार ने किसानों का जो सम्मान बढ़ाया है, उसके लिए सरकार का हृदय से धन्यवाद।÷ इसके साथ ही उन्होंने अंचल के सभी किसान भाइयों को इस ऐतिहासिक और लाभकारी योजना के लिए अपनी ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विष्णुदेव साय सरकार का यह निर्णय केवल एक आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि कृषि को घाटे के बजाय एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में पुर्नस्थापित करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

डोंगरगांव में श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ



ध्वजारोहण, समवशरण उद्घाटन एवं घटयात्रा के साथ धर्ममय वातावरण में गूंजे मंगलमय जयघोष रितेश-काव्या को चक्रवर्ती बनने का सौभाग्य, विभिन्न मांगलिक पात्रों का बोलियों के माध्यम से हुआ चयन

डोंगरगांव (दावा)। संत शिरोमणि राष्ट्रसंत आचार्य भगवंत श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज एवं वर्तमान पट्टाचार्य नवाचार्य श्री 108 समयसागर महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद तथा आर्यिका माँ श्री 105 तपोमती माताजी ससंघ के पावन सान्निध्य में, विधानाचार्य ब्रह्मचारी नितिन भैयाजी (खुरई) एवं ब्रह्मचारिणी पिंकी दीदी तथा अंजना दीदी के कुशल निर्देशन में आयोजित श्री 1008 कल्पद्रुम महामंडल विधान का गुरुवार, 12 नवंबर 2026 को अत्यंत भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिवस के मांगलिक कार्यक्रमों का शुभारंभ प्रातः 6ः30 बजे देव आज्ञा, जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक एवं मंगल शांतिधारा के साथ हुआ। तत्पश्चात गुरु आज्ञा एवं मंगलाचरण के उपरांत प्रातः 7ः00 बजे विधान के प्रथम मांगलिक कार्य पावन ध्वजारोहण का सौभाग्य सुबोध जैन, संजय जैन एवं सतीश जैन (लल्ली) परिवार को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात समवशरण के भव्य उद्घाटन का पुण्यलाभ सरिता जैन, सुपुत्र सेठ सुयंक जैन एवं सेठ परिवार को प्राप्त हुआ।

विधान के अंतर्गत आयोजित मांगलिक बोलियों में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान के प्रमुख पात्रों का चयन बोलियों के माध्यम से संपन्न हुआ। इसमें प्रथम एवं मुख्य पात्र चक्रवर्ती बनने का परम सौभाग्य स्वर्गीय डॉ. कवि रमेश जैन राही के सुपुत्र रितेश-काव्या को प्राप्त हुआ।

इसी क्रम में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य चंद्रकुमार-ज्योत्सना जैन (चुना परिवार), कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य विमल-क्रांति जैन तथा महायज्ञ नायक बनने का पुण्यलाभ सुनील-सुलेखा जैन को प्राप्त हुआ। प्रातः 7.30 बजे से आयोजित भव्य घटयात्रा, श्रीजी पूजन एवं पूज्य आर्यिका माँ के मंगल प्रवचनों ने संपूर्ण वातावरण को धर्ममय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सभी मांगलिक आयोजनों में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया।

इस पावन अवसर पर देशराज जैन, खूबचंद जैन, भागचंद जैन, अजित जैन, सेठ सौरभ जैन, सुनील जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजन, श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे। श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान के शुभारंभ से संपूर्ण डोंगरगांव नगरी धर्ममय हो उठी। आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, पूजन-विधान एवं मांगलिक आयोजनों के माध्यम से धर्मप्रभावना का यह पावन क्रम निरंतर जारी रहेगा।

पहला कॉलम...

धार्मिक सांस्कृतिक विरासत को बचाएं रखना जरुरी - लाल जे. के. वैष्णव

छुईखदान (दावा)। कार्तिक मास 10 नवम्बर 2026 को गोवर्धन पूजा अन्नकूट के पावन अवसर पर रियासत कालीन प्राचीन रानी मंदिर छुईखदान में गौरी-गौरा पूजा किया गया। मंदिर समिति के संरक्षक लाल जे के वैष्णव ने बताया कि छत्तीसगढ़ी धार्मिक सांस्कृतिक पर्व पर भगवान श्री शंकर पार्वती माता को गौरी गौरा जी रुप में मिट्टी की मूर्ति स्वरूप बनाकर रंग बिरंगी कागज, फूलों से सजाकर लड़कियां सिर पर रखकर मंदिर लाती है एवं राजपरिवार के सदस्य श्रीमती लतारानी लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव द्वारा विधिवत पूजा ,अर्चना पश्चात बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए गौरी गौरा शोभायात्रा गीतों की प्रस्तुति सहित शहर भ्रमण के बाद विसर्जन किया गया । ढिपरा पारा , जमात कंडरा पारा की महिलाओं में शांति निषाद , राधा , सविता, पार्वती, पुनीता, कमला , संतोषी, ममता , रागिनी , रेखा , सुनीता आदि साथियों ने गीत नृत्य प्रस्तुति करते हुए गौरी गौरा शोभायात्रा हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने धार्मिक सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखना जरूरी कहते हुए कहा कि संचार क्रांति मोबाइल के युग में युवा पीढ़ी आधुनिकता की ओर अग्रसर हो रहें हैं, उन्हें सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक संस्कृति से युवा पीढ़ी को जोड़कर धरोहरों को बचाने जोड़ने युवाओं एवं युवतियों से कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की। प्रकृति -प्रेम परोपकार स्वरूप भगवान श्री गोवर्धन पूजा अन्नकूट अवसर पर गोबर से गोवर्धन बनाकर आरती पूजा पश्चात विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। मातर पूजा स्थल जमातपारा जगन्नाथ मंदिर परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर पूजा संपन्न हुआ।

खामतराई में मंडई 18 नवंबर को

हरदी (दावा)। ग्राम खामतराई में 18 नवंबर दिन बुधवार को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए भुपेश प्रकाश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम साल्हेटोला वाले का कार्यक्रम रखा गया है। 19 नवंबर दिन गुरुवार को कारी बदरिया लोक रंग का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम प्रमुख हिरमन साहू व रमेश साहू ने दी।

जोंधरा में ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 24 से

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम जोंधरा में आगामी 24 एवं 26 दिसंबर को ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन यंग स्टार कबड्डी क्लब व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ आने वाली टीमों को आकर्षक नगद पुरूस्कारों के अतिरिक्त पदक से भी नवाजा जायेगा।

देवउठनी एकादशी पर 20 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित

रायपुर (दावा)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने देवउठनी एकादशी पर्व के अवसर पर 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को रायपुर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, 20 नवंबर 2026 को घोषित स्थानीय अवकाश नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर (राजधानी) स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं को छोड़कर रायपुर जिले के शेष सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में लागू रहेगा।

इबोला वायरस रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु मॉकड्रिल आयोजित

दुर्ग (दावा)। विश्व स्तर पर इबोला वायरस रोग के प्रसार की वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार द्वारा इबोला वायरस रोग की रोकथाम, नियंत्रण एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया की तैयारियों का आकलन करने हेतु राज्य से डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक एवं राज्य सर्वलेंस अधिकारी, डॉ. माधवी एम्स रायपुर तथा डॉ. चयनिका राज्य एंटोमॉलॉजिस्ट की मौजूदगी में तथा जिले से डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देशन में डॉ सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वलेंस अधिकारी, डॉ. अशीषन कुमार मिंज, सिविल सर्जन, डॉ. आलोक रामटेके, डॉ. आर. के. मल्होत्रा, डॉ. पुजा वर्मा, डॉ. अंकिता राउत, डॉ. उन्नयन साहू, डॉ. सौरीन चौटर्जी, मैट्रन, स्टाफनर्स व अन्य स्टाफके उपस्थिती में, जिला चिकित्सालय, दुर्ग में 12 नवंबर 2026 को मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। उक्त मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध इबोला मरीज की पहचान से लेकर उपचार, आइसोलेशन, नमूना संग्रहण एवं परिवहन तथा रिपोर्टिंग तक की संपूर्ण व्यवस्था का परीक्षण करना है। साथ ही आइसोलेशन सेंटर में इबोला संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक पर्सनल प्रोटेक्टिव एक्वीपमेंट (पीपीई) विशेषकर इबोला-विशिष्ट पीपीई किट एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

डोंगरगढ़ में छठ की तैयारी जोरों पर : नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे के मार्गदर्शन में महावीर तालाब के घाट संवरने लगे

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए नगर पालिका परिषद ने ऐतिहासिक महावीर तालाब के घाटों को व्यवस्थित करने का काम शुरू कर दिया है।नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बुधवार को महावीर तालाब परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि पर्व से पहले सभी जरूरी काम हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

घाटों की सफाई पर विशेष जोर

छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु महावीर तालाब पहुंचकर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इसे देखते हुए नगर पालिका का अमला घाटों की साफ-सफाई, गंदगी हटाने और परिसर को व्यवस्थित करने में जुटा है। तालाब के आसपास फैली गंदगी को हटाया जा रहा है और घाटों की मरम्मत का काम भी किया जा रहा है।

रोशनी, पेयजल और सुरक्षा की व्यवस्था

छठ व्रत के दौरान श्रद्धालुओं को घाटों पर कई घंटों तक रहना पड़ता है। ऐसे में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे ने महावीर तालाब परिसर में लाइटिंग और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घाटों की मरम्मत और अन्य आवश्यक सुविधाओं को भी समय रहते दुरुस्त करने की तैयारी की जा रही है।



समिति और पालिका समन्वय बनाकर कर रहे हैं व्यवस्था

छठ आयोजन समिति भी घाटों की सफाई, मरम्मत और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर तैयारियों में जुटी है। समिति के रामप्रवेश शुक्ला के अनुसार, नगर पालिका के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उम्मीद है कि पर्व शुरू होने से पहले सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

चार दिन का होगा महापर्व

छठ महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है। इसकी शुरुआत नहाय-खाय से होती है, जिसके बाद खरना, फिर डूबते सूर्य को अर्घ्य और अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है। इस दौरान व्रती महिलाएं करीब 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखती हैं। ठेकुआ सहित पारंपरिक प्रसाद, फल-फूल और बांस के सूप के साथ सूर्य देव की आराधना की जाती है। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में छठ महापर्व को लेकर बढ़ती तैयारियों के बीच अब श्रद्धालुओं को इंतजार है उस पावन संध्या का, जब महावीर तालाब के घाट छठी मैया के जयकारों और सूर्य उपासना से भक्तिमय हो उठेंगे।

आदिवासी वीरों के शौर्य और बलिदान से देश को कराया जाएगा परिचित-विक्रम उसेंडी

भाजपा की प्रेसवार्ता में बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह और गुंडाधुर के योगदान को किया याद



मोहला (दावा)। जनजातीय गौरव सप्ताह के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता विधायक विक्रम उसेंडी ने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आदिवासी वीरों का संघर्ष और बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनके शौर्य और पराक्रम की गाथाओं को देशभर में पहुंचाने की आवश्यकता है।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उसेंडी ने भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह और वीर गुंडाधुर के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आदिवासी जननायकों ने ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनके बलिदान और संघर्ष को लंबे समय तक इतिहास में अपेक्षित स्थान नहीं मिला। जनजातीय गौरव सप्ताह के माध्यम से इन महानायकों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार आदिवासी समाज के उत्थान, अधिकारों की रक्षा और उनकी गौरवशाली परंपराओं को सम्मान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र निर्माण में योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है।

प्रेसवार्ता में विधायक विक्रम उसेंडी, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा, जनजाति मोर्चा अध्यक्ष धर्मु भुआर्या, जिला प्रवक्ता राजू टांडिया, जिला कोषाध्यक्ष राजेश जैन गुजराती, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पुलकित खंडेलवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संगीता मिश्रा, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक अंबर जोशी, मोहला मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, गोटाटोला मंडल अध्यक्ष कमल तापड़िया तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी अवधेश त्रिपाठी सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की अस्मिता, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया गया। साथ ही युवाओं को अपने इतिहास, परंपराओं और जनजातीय महापुरुषों के संघर्ष से परिचित कराने पर जोर दिया गया।

सूने मकान का ताला तोड़कर घुसे अंतर्राज्यीय चोर को बोरतलाव पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा

गौरी-गौरा कार्यक्रम देखने गया था परिवार, रात्रि गश्त टीम की मुस्तैदी से छत के रास्ते भागने की कोशिश नाकाम; ओडिशा का आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। बोरतलाव पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान तत्परता दिखाते हुए चोरी की नीयत से घर में घुसे एक अंतर्राज्यीय चोर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी ओडिशा के गंजाम जिले का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से ताला तोड़ने में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड जब्त कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

छत के रास्ते भागने की फिराक में था आरोपी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बोरतलाव के वार्ड नंबर 01 निवासी राकेश कुमार साहू (40 वर्ष) 10 नवंबर की रात करीब 3 बजे गांव में आयोजित गौरी-गौरा कार्यक्रम देखने गए हुए थे। घर को सूना पाकर आरोपी ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और चोरी के इरादे से



भीतर दाखिल हो गया। इसी बीच मकान मालिक के वापस लौटने पर आरोपी हड़बड़ा गया और घर की छत के रास्ते भागने का प्रयास करने लगा।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी

शोर-शराबा होने पर मोहल्ले के पड़ोसियों ने बिना समय गंवाए तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही नाइट पेट्रोलिंग में तैनात बोरतलाव पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा।

ओडिशा का रहने वाला है आरोपी

पूछताछ में आरोपी की पहचान दिलीप मलिक (28 वर्ष), निवासी ग्राम तुम्बाडिंडीपल्ली, टाउन खिरोडा, थाना धरकोटे, जिला गंजाम (ओडिशा) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रात्रि गृह भेदन और चोरी के प्रयास की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक अनुराग सोनवानी, सउनि गोकुल सोनकर, आरक्षक नरसिंह सिदार, गोवर्धन कंवर और टिकाराम की सराहनीय भूमिका रही।

अब मोबाइल ऐप और टोकन से मिलेगी रासायनिक खाद

किसान ऐप पर पंजीयन कर जरूरत के अनुसार कर सकेंगे खाद की बुकिंग

खैरागढ़ (दावा)। किसानों को रासायनिक खाद की उपलब्धता आसान बनाने और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए उर्वरक बिक्री की नई डिजिटल व्यवस्था खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में लागू की गई है। इसके तहत किसान 'फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल' मोबाइल ऐप के माध्यम से खाद की बुकिंग कर सकेंगे। बुकिंग के बाद जारी टोकन के आधार पर संबंधित विक्रय केंद्र से उर्वरक प्राप्त किया जा सकेगा।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं उप संचालक कृषि चित्रानंद कुमार ठाकुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा जिले में नई व्यवस्था के प्रचार-प्रसार और क्रियान्वयन की पहल की जा रही है।। जिले के शासकीय एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है। नई व्यवस्था में किसानों को उनके रकबे और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा फसलवार की गई उर्वरक अनुशंसाओं के आधार पर खाद मिलेगी। इससे उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को अनावश्यक खाद खरीदी पर होने वाले अतिरिक्त खर्च से बचने में मदद मिलेगी।

कृषि विभाग के अनुसार, सुविधा का लाभ लेने के लिए किसानों को गूगल प्ले स्टोर से 'फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल' मोबाइल ऐप डाउनलोड कर



पंजीयन करना होगा। पंजीयन के बाद किसान अपनी जरूरत के अनुसार खाद की बुकिंग कर सकेंगे। बुकिंग पूरी होने पर मोबाइल पर टोकन जारी होगा, जिसे संबंधित उर्वरक विक्रय केंद्र पर प्रस्तुत कर खाद प्राप्त की जा सकेगी।

नई व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए मास्टर ट्रेनरों द्वारा सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं उर्वरक विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। मैदानी अमले के माध्यम से किसानों को भी इसकी जानकारी दी जा रही है।। ऐप के संचालन अथवा खाद की बुकिंग में किसी प्रकार की परेशानी होने पर किसान अपने क्षेत्र के कृषि विकास अधिकारी या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

डोंगरगढ़ में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान- 5.0 के तहत विशेष शिविर

पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की दी गई सुविधा

डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार रेलवे पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए 01 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान-5.0 चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों को डिजिटल माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सरल एवं सुविधाजनक सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें डिजिटल प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना है।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के पेंशन अनुभाग में सभी कार्यालयीन दिवसों तथा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर निर्धारित तिथियों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज 12 नवंबर 2026 को उत्सव हॉल, डोंगरगढ़ में कार्मिक विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल एवं भारतीय स्टेट बैंक, डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रेलवे के सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों को 'जीवन प्रमाण' के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र



बनाने एवं जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

इस अवसर पर पेंशनभोगियों को बताया गया कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के माध्यम से आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा किया जा सकता है, जिससे उन्हें कार्यालयों एवं बैंकों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिलती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा सभी पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों से अपील है कि इस अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में भाग लेकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ उठाएं।

पहला कॉलम...

भारतीय गेंदबाजी एकजुट होकर प्रदर्शन करती है - टिम सीफर्ट

माउंट मौंगानुई। न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने कहा कि भारत की गेंदबाजी इतनी संतुलित है कि किसी एक गेंदबाज को निशाना बनाना मुश्किल है। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के अनुशासन की तारीफ की, जिसकी वजह से मौजूदा वनडे सीरीज में मेजबान टीम लगातार दबाव में रही है।

हैमिल्टन में तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद, भारत अभी सीरीज में 2-0 से आगे है। ऑकलैंड और वेलिंगटन में न्यूजीलैंड को मिली दोनों हार में भारतीय तेज गेंदबाजों - अर्शदीप सिंह, अंशुल कंबोज, आकिब नबी और गुरनूर बराड़ - का अहम रोल रहा। गुरनूर बराड़ इस सीरीज में अब तक 7 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीफर्ट ने कहा, ÷वे सभी बहुत अच्छी गेंदबाजी करते हैं और हर कोई कुछ अलग करने की कोशिश करता है। अर्शदीप (सिंह) का बाएं हाथ का गेंदबाज होना भी काफी मायने रखता है। सच कहूं तो, वे एक टीम के रूप में बहुत अच्छा काम करते हैं। वे सभी कुछ न कुछ अलग करते हैं। पिछले दो मैचों में उन्होंने बहुत सटीक गेंदबाजी की। मैं किसी एक गेंदबाज को अलग से निशाना नहीं बना सकता; मुझे लगता है कि वे एक साथ मिलकर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी माना कि परिस्थितियों ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। ÷यह ठीक है। जाहिर है कि नतीजे हमारे पक्ष में नहीं रहे हैं, और पिच की वजह से भी हम कई बार मुश्किल स्थितियों में फंसे हैं। हमारी टीम में कई नए खिलाड़ी हैं। कुछ खिलाड़ी (19 नवंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए) जा चुके हैं, इसलिए अब हमारा पूरा ध्यान आने वाले दो मैचों पर है।

सीफर्ट ने आगे कहा कि बचे हुए मैच इस नई टीम के लिए 2027 पुरुष वनडे वर्ल्ड कप से पहले एकजुट होने का एक अच्छा मौका हैं। हम हमेशा मैदान पर उतरकर हर मैच जीतने की कोशिश करते हैं।

13 बार नीलामी में बिके जयदेव उनादकट, बनाया अनोखा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2027 के मिनी ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों के संभावित रिटेंशन और रिलीज को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट एक बार फिर आईपीएल नीलामी में नजर आ सकते हैं। संभावना जताई जा रही है कि सनराइजर्स हैदराबाद की टीम उन्हें आईपीएल 2027 के मिनी ऑक्शन से पहले रिलीज कर सकती है। यदि ऐसा होता है, तो अनुभवी तेज गेंदबाज के पास नीलामी में एक बार फिर किसी नई फ्रेंचाइजी से जुड़ने का मौका होगा। खास बात यह है कि जयदेव उनादकट आईपीएल नीलामी में 14वीं बार सोल्ड हो सकते हैं। कोई दूसरी फ्रेंचाइजी उन्हें कम कीमत पर बतौर बैकअप गेंदबाज अपनी टीम में शामिल कर सकती है।

आईपीएल 2027 के मिनी ऑक्शन में कई खिलाड़ियों की किस्मत का फैसला होगा। इनमें जयदेव उनादकट का नाम भी शामिल हो सकता है। अनुभवी गेंदबाज होने के कारण उनादकट को किसी टीम में बैकअप तेज गेंदबाज के रूप में जगह मिलने की संभावना है। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से उन्हें रिलीज किए जाने को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

आईपीएल 2027 के मिनी ऑक्शन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अपने खिलाड़ियों को लेकर महत्वपूर्ण फैसले कर सकती है। संभावना है कि फ्रेंचाइजी अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को रिलीज कर दे। यदि हैदराबाद उन्हें रिलीज करती है, तो उनादकट एक बार फिर नीलामी में उपलब्ध होंगे।

लैंकाशायर से बाहर होने के बाद एंडरसन ने सरे के साथ करार किया

सरे। इंग्लैंड के महान तेज़ गेंदबाज़ जेम्स एंडरसन 2027 सीज़न के लिए काउंटी चैंपियनशिप में %सरे% टीम से जुड़ गए हैं। क्लब ने गुरुवार को यह घोषणा की। एंडरसन ने अपनी घरेलू काउंटी, लंकाशायर के साथ अपना घरेलू करियर जारी रखा और 2026 सीज़न के लिए उन्हें कप्तान बनाया गया। उस सीज़न में उन्होंने 18 से कम की औसत से 50 विकेट लिए। उन्होंने 2001 में लंकाशायर के लिए अपना डेब्यू किया था और उसके अगले साल ही उन्हें इंग्लैंड के लिए खेलने का मौका मिला।

इस सीज़न में शानदार प्रदर्शन करने के बाद एंडरसन अगले सीज़न में भी खेलना चाहते थे। इस सीज़न में उन्हें लंकाशायर का 'चैंपियनशिप प्लेयर ऑफ़ द ईयर' भी चुना गया था। लेकिन लंकाशायर ने उन्हें बता दिया कि 2026 सीज़न के बाद उन्हें नया कॉन्ट्रैक्ट नहीं दिया जाएगा। एंडरसन ने कहा, सरे जैसे क्लब से जुड़ना सम्मान की बात है और मैं अपने करियर का एक नया अध्याय शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूँ। सरे के पास एक बेहतरीन टीम है जो चैंपियनशिप खिताब जीतने की क्षमता रखती है, और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूँ।

भारत ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को बुरी तरह रौंदा

नई दिल्ली। भारतीय 19 क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए,ष्ट्ट 19 एशिया कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। कप्तान लक्ष्य राजेश रायचंदानी की शानदार कप्तानी पारी की बदौलत टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 8 विकेट से धूल चटाई। इस तरह भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार 19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले का टिकट हासिल किया। फाइनल में अब टीम इंडिया की चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगी। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 9 विकेट से करारी शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। भारत और पाकिस्तान के बीच 14 नवंबर को खिताब के लिए जंग होगी। भारतीय टीम के पास अब पाकिस्तान से पिछले फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने का शानदार मौका होगा।



इससे पहले अफगानिस्तान के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान की टीम को 227/8 के स्कोर पर रोक दिया। भारत की ओर से ईशान सूद सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 43 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। इस प्रदर्शन के साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट में अपने विकेटों की संख्या 11 पहुंचा दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने खुलकर नहीं खेल सकी। ईशान सूद ने लगातार विकेट चटकाकर अफगानिस्तान पर दबाव बनाए रखा और भारत को मुकाबले में मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अफगानिस्तान के 227 रनों का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने शानदार अंदाज में पारी का आगाज किया। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने मिलकर अफगान गेंदबाजों की जमकर खबर ली और पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। आर्यवीर सहवाग अर्धशतक बनाकर आउट हुए। आर्यवीर ने 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 57 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। पहला झटका लगने के बावजूद कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने दूसरा छोर संभाले रखा और टीम को 150 रनों के पार पहुंचा दिया। इस दौरान लक्ष्य अपना अर्धशतक पूरा करने में कामयाब रहे।

आज भारत बनाम न्यूजीलैंड चौथा वनडे मुकाबला



नई दिल्ली। भारत बनाम न्यूजीलैंड वनडे सीरीज का चौथा मैच अब करीब है। तीसरा मैच हालांकि बारिश के कारण रद हो गया था, लेकिन उससे पहले के दो बैक टू बैक मैच जीतकर भारत ने सीरीज में बढ़त बना ली है। भारतीय टीम के पास मौका है कि वो अगला मैच जीतकर सीरीज पर कब्जा करे। हालांकि अगर यहां से न्यूजीलैंड बचे हुए दो मैच जीत जाएगा तो भी सीरीज बराबरी पर समाप्त होगी। इस बीच टीम की कोशिश होगी कि अगला मैच जीता जाए। सीरीज का चौथा मुकाबला आप फ्री में लाइव कैसे देख सकते हैं, ये जान लीजिए, साथ ही हम आपको मैच शुरू होने का वक्त भी बताएंगे।

टीम इंडिया का न्यूजीलैंड दौरा जारी है। अब सीरीज का चौथा मुकाबला 13 नवंबर दिन शुक्रवार को खेला जाना है। भारतीय समय अनुसार मैच सुबह साढ़े सात बजे से शुरू हो जाएगा, इससे आधे घंटे पहले यानी सात बजे टॉस होगा।

पिछले मैच में टॉस हुआ, लेकिन उसके बाद एक ही बॉल नहीं फेंकी जा सकी, लेकिन अगले मैच में बारिश की बहुत ज्यादा संभावना नहीं है। ऐसे में पूरा मैच होते हुए दिख सकता है।

संन्यास के बाद भी मैदान पर लौटने की जिद, अब UAE की जर्सी में दिखेगा केएस भरत का जलवा!



नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए नया रास्ता चुना है. 33 वर्षीय भरत अब संयुक्त अरब अमीरात की ओर से खेलने की तैयारी कर रहे हैं. उन्होंने 4 जून 2026 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था. भरत अब फरवरी 2027 में कूलिंग-ऑफ पीरियड पूरा होने के बाद,श्व के लिए खेलने के पात्र हो सकते हैं.

केएस भरत ने भारतीय टीम के लिए 2023 से 2024 के दौरान सात टेस्ट मैच खेले. भरत ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला इसलिए किया, ताकि दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने पर ध्यान दे सकें. फिलहाल वह अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट में एमिरेट्स ईगल्स का हिस्सा हैं. केएस भरत ने अपने फैसले के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें लगा कि उनके करियर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ साल अभी बाकी हैं. उन्होंने कहा, ;देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना सबसे बड़ा एहसास है. लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर आप सिर्फ खेलना चाहते हैं. मुझे लगा कि मेरे अंदर अभी भी इंटरनेशनल क्रिकेट के दिन बाकी हैं. इसी वजह से मुझे यह कठिन फैसला लेना पड़ा. केएस भरत इन दिनों आईसीसी अकादमी की सुविधाओं में नियमित अभ्यास कर रहे हैं. उन्होंने यूएई क्रिकेट की ओर से मिले सहयोग की तारीफ की. उनके मुताबिक, यहां अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों के साथ खेलने और अभ्यास करने का अच्छा माहौल है. साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, अफगानिस्तान, श्रीलंका और पाकिस्तान के क्रिकेटर भी यहां खेलते हैं. अबू धाबी टी10 में उनकी टीम एमिरेट्स ईगल्स को अरेबियन एसेस के खिलाफ 10 विकेट से हार मिली.

एशिया कप फाइनल में पहुंचा पाकिस्तान, सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 9 विकेट से हराया

अल अमेरात । पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। इस टीम ने गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 9 विकेट से हराया। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.4 ओवर में 138 रन पर सिमट गई। जवाब में पाकिस्तान ने 141 रन बनाकर 21.5 ओवर में ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान भी जारी रखा।



रिजवानुल्लाह ने झटके 5 विकेट

पाकिस्तान की जीत के हीरो तेज गेंदबाज रिजवानुल्लाह रहे। उन्होंने 5.3 ओवर में 30 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मोहम्मद सय्याम ने दो विकेट लिए, जबकि अली रजा, हसनैन अब्बास डार और अहमद हुसैन को एक-एक सफलता मिली। बांग्लादेश की ओर से अब्दुल्लाह अल मुही ने 45 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। रकीबुल होसैन ने 26 और ऑल रफी ने 20 रन बनाए। इन तीनों के अलावा कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और पूरी टीम 138 रन पर ऑलआउट हो गई।

139 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही। हयाम खान और उस्मान खान ने पहले विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी कर टीम की जीत लगभग तय कर दी। हयाम 72 गेंदों पर 69 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान खान ने अब्दुल कादिर के साथ मिलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। उस्मान 54 गेंदों पर 64 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अब्दुल कादिर ने 5 गेंदों पर नाबाद 8 रन बनाए।

पाकिस्तान ने 28.1 ओवर शेष रहते मुकाबला अपने नाम किया। टीम ने इससे पहले ग्रुप स्टेज में यूएई को 9 विकेट, भारत को 3 विकेट और नेपाल को 101 रन से हराया था। इस तरह पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज के तीनों मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में भी जीत दर्ज की। पाकिस्तान का सामना अब 14 नवंबर को होने वाले फाइनल में दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में भारत और अफगानिस्तान आमने-सामने हैं। अगर भारतीय टीम यह मुकाबला जीतती है तो खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान और भारत के बीच भिड़ंत देखने को मिल सकती है।

एनर्जी झटके के बाद भी नहीं डगमगाया भारत, 7 प्रतिशत की रफ्तार से दौड़ेगी अर्थव्यवस्था



नई दिल्ली। भारत की अर्थव्यवस्था का अनुमान बढ़कर 7 प्रतिशत हो गया है. ऊर्जा संकट के बाद भी ये ग्रोथ काबिल-ए-तारीफ है.भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अच्छी खबर सामने आई है. इस साल की शुरुआत से ही दुनियाभर में ऊर्जा संकट देखा गया. कच्चे तेल की बढती कीमतों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है. हाल ह में अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी रूशशस्त4%ह्य की रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर हो गया है.

इससे पहले एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर 6.5त्न रहने का अनुमान लगाया था. भारत की अर्थव्यवस्था में ये मजबूती एक अच्छी और खुशी की खबर है.

रूशशस्त4%ह्य के मुताबिक, भारत में घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है. इसके अलावा निवेश में सुधार और बिजनेस की बेहतर स्थिति भी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है. एजेंसी का मानना है कि भारत आने वाले समय में भी करीब 7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर बनाए रख सकता है. दरअसल, ईरान और यूएस के बीच युद्ध के कारण दुनिया के कई देशों में तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हुई है. इससे ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी का दबाव बना है. भारत भी अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा दूसरे देशों से कच्चे तेल के रूप में खरीदता है. ऐसे में महंगे तेल का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता था.

सिंगापुर बनेगा दुनिया की सोने की तिजोरी, अपने पास रखेगा 500 टन गोल्ड



नई दिल्ली। सिंगापुर अब दुनिया के गोल्ड ट्रेडिंग और स्टोरेज मार्केट में अपनी स्थिति मजबूत करने की तैयारी कर रहा है. इसके लिए देश विदेशी केंद्रीय बैंकों को सोना सुरक्षित रखने की सुविधा देने वाली नई सेवा शुरू करने जा रहा है. बुलियन ट्रेडिंग को बढ़ावा देने के लिए टैक्स से जुड़े नियमों में भी राहत देने की योजना है. इस कदम से सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय सोना कारोबार के बड़े केंद्र के रूप में उभर सकता है.

दुनियाभर में केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार के साथ सोने का हिस्सा भी बढ़ा रहे हैं. आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सोने को एक सुरक्षित रिजर्व एसेट माना जाता है. ऐसे में सिंगापुर इस बढ़ती मांग का फायदा उठाकर अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है.

सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री और रूस् के चेयरमैन गण किम योंग के मुताबिक, कई केंद्रीय बैंकों ने इस नई सुविधा में दिलचस्पी दिखाई है. हालांकि, उन्होंने गोपनीयता का हवाला देते हुए किसी भी देश या बैंक का नाम सार्वजनिक नहीं किया. सिंगापुर की मौद्रिक प्राधिकरण ने 10 नवंबर 2026 को इस गोल्ड वॉल्टिंग सेवा की शुरुआत की है. इसके तहत दूसरे देशों के केंद्रीय बैंक, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और सरकारी संस्थाएं अपना सोना सिंगापुर में सुरक्षित रख सकेंगी.

इस सोने को देश की राष्ट्रीय मुद्रा तिजोरी में रखा जाएगा, जिसकी मौजूदा क्षमता करीब 500 मीट्रिक टन है. जरूरत बढ़ने पर इसकी क्षमता का विस्तार भी किया जा सकता है.

प्रथम पृष्ठ का शेष....

जनजातीय गौरव सप्ताह 11 से 18 नवम्बर तक : सीएम साय....

'पीएम जनमन' अभियान का शुभारंभ किया। 2024 में जमुई (बिहार) में राष्ट्रीय कार्यक्रम हुआ और 150वीं जयंती को पूरे वर्ष 'जनजातीय गौरव वर्ष' के रूप में मनाया गया।

जनजातीय समाज और भाजपा का अटूट विश्वास

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 10.4 करोड़ से अधिक (कुल आबादी का 8.6 प्रतिशत) जनजातीय नागरिक हैं। देश में 720 अनुसूचित जनजातियाँ हैं, जिनमें 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) शामिल हैं, और 239 जिलों में जनजातीय आबादी 10प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा की प्रतिबद्धता गिनाते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री %भारत रत्न%अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 1999 में पहली बार अलग जनजातीय कार्य मंत्रालय बनाया, 2000 में छत्तीसगढ़ व झारखण्ड का गठन किया और 2003 में संथाली व बोडो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया। मोदी सरकार में 2022 में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू देश की पहली जनजातीय महिला राष्ट्रपति बनीं।

बजट में वृद्धि और जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि, जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट 2014-15 के 4,497.96 करोड़ रुपये से 231 प्रतिशत बढ़कर 2025-26 में 14,926 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अतिरिक्त 40 से अधिक मंत्रालय डीएपीएसटी के तहत अपना बजट अंश जनजातीय क्षेत्रों पर खर्च कर रहे हैं। इसके तहत संचालित प्रमुख योजनाओं पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका आदि का ब्यौरा देते हुए श्री साय ने कहा कि वन अधिकार पट्टे तेजी से वितरित हुए हैं और भाजपा सरकारों ने पेसा नियम बनाकर ग्राम सभाओं को अधिकार दिए हैं। 1.54 लाख 'आदि कर्मयोगी' स्वयंसेवक 76,963 गाँवों में योजनाएँ पहुँचा रहे हैं। 'आदि वाणी' एआई मंच, शोध संस्थान, 'मन की बात' और पद्म सम्मानों ने जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दी है।

विपक्ष के 12 प्रमुख षड्यंत्रों और भ्रम का पर्दाफाश

मुख्यमंत्री श्री साय ने विपक्ष पर दशकों तक जनजातीय समाज को केवल वोट बैंक समझने का आरोप लगाते हुए 12 बिंदुओं पर सच्चाई सामने रखी और कहा कि 55 वर्ष शासन करके भी कांग्रेस ने न गौरव दिवस घोषित किया और न अलग मंत्रालय बनाया। बिरसा मुण्डा, तिलका माँझी, सिद्धो-कान्हू और गोविंद गुरु जैसे नायकों को इतिहास में हाशिये पर रखा। 2022 में पहली जनजातीय महिला राष्ट्रपति के विरुद्ध प्रत्याशी उतारा और उनके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। मंत्रालय का बजट मात्र 4,498 करोड़ रुपये के आसपास सीमित रखा, जिसे मोदी सरकार ने तीन गुना से अधिक किया।

पार्टी और सरकार के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर देश के 239 जनजातीय जिलों और 568 अजजा विधानसभा क्षेत्रों (कुल 807 स्थानों) तक कार्यक्रम पहुँचाने का लक्ष्य है, जिसके लिए केन्द्रीय, प्रदेश (1+4) और जिला (1+3) टोलियाँ गठित की गई हैं। पार्टी के कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि 14 नवम्बर को स्मारकों व मूर्तियों की सफाई एवं दीपोत्सव तथा 15 नवम्बर को जिला स्तर पर प्रतिमा व हर मण्डल में चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

'विकसित भारत 2047' के लिए प्रधानमंत्री का आठ-सूत्रीय विज़न

मुख्यमंत्री श्री साय ने आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण में जनजातीय समाज को बराबर का भागीदार बनाने के आठ मुख्य स्तंभ साझा करते हुए बताया कि धरती आबा अभियान से 63हजार गाँवों में पक्का घर, बिजली, नल से जल, सड़क, मोबाइल नेटवर्क, स्कूल व आंगनवाड़ी जैसी 25 सुविधाएँ मुहैया कराने का लक्ष्य है। 50 प्रतिशत से अधिक जनजातीय आबादी वाले ब्लॉकों में कुल 728 एकलव्य विद्यालयों की स्थापना की जानी है, ताकि युवा डॉक्टर, इंजीनियर, उद्यमी व अधिकारी बनें। 2023 से शुरू सिकल सेल मिशन के तहत 0 से 40 वर्ष तक के लोगों की जाँच व उपचार द्वारा 2047 तक देश को सिकल सेल मुक्त बनाना तथा आयुष्मान से रु. 5 लाख का मुफ्त इलाज कराने का लक्ष्य है।

प्रदेशवासियों से आह्वान

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी नागरिकों से 15 नवम्बर को अपने गाँव, मंडल और जिले में भगवान बिरसा मुण्डा तथा क्षेत्रीय जनजातीय नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने तथा फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि और कृषि की लागत कम करने के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना संचालित की जा रही है। किसानों को पारदर्शी डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सीधे बैंक खाते में आदान सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

आदिवासी सीटें साधने में जुटी बीजेपी-कांग्रेस, 15 नवंबर को ....

देखा जा रहा है। वहीं, कांग्रेस के सामने 2018 जैसा जनाधार वापस पाने की चुनौती है। प्रदेश प्रभारी का बस्तर के बाद सरगुजा दौरा इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। चौपाल के जरिए स्थानीय मुद्दों, आदिवासी समाज की अपेक्षाओं और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को समझने के साथ बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने की कवायद होगी। इससे स्पष्ट है कि 2028 के चुनाव से पहले ही आदिवासी बहुल 29 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी मुकाबले की जमीन तैयार होने लगी है।

सीएम के क्षेत्र में कांग्रेस की जनचौपाल

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत 16 नवंबर को जशपुर से दौरे की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विधानसभा क्षेत्र जशपुर, बालाछापर, पतराटोली, कुनकुरी और कांसाबेल में बूथ स्तरीय जनचौपाल लगाएंगे। कुनकुरी में कैथोलिक चर्च के बिशप से भेंट और हनुमान टेकरी मंदिर में दर्शन का कार्यक्रम है। 17 नवंबर को मैनपाट, उदयपुर और साल्ही में ग्रामीणों से संवाद करेंगे। 18 नवंबर को अंबिकापुर में संगठनात्मक बैठक के बाद बलरामपुर में जनचौपाल लगाएंगे।

'आप' ने जारी की 21 उम्मीदवारों की सूची, ...

कहा था कि वह आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। भुल्लर फिलहाल पंजाब राज्य भंडारण निगम के एक अधिकारी की आत्महत्या के मामले में जेल में बंद हैं। आप ने बरनाला और फगवाड़ा से क्रमशः दो सांसदों - गुरमीत सिंह 'मीत' हेयर और राज कुमार चब्बेवाल को भी मैदान में उतारा है। जहां हेयर संगरूर से सांसद हैं, वहीं चब्बेवाल होशियारपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

पार्टी ने बठिंडा ग्रामीण से गोपाल सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है; इस सीट का प्रतिनिधित्व अभी अमित रतन कोटफट्टा कर रहे हैं। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने 2023 में रिश्वत के एक मामले में कोटफट्टा को गिरफ्तार किया था। जालंधर मध्य में, पार्टी ने मौजूदा विधायक रमन अरोड़ा की जगह उद्योगपति नितिन कोहली को उम्मीदवार बनाया है। कोहली पिछले साल मई में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने पिछले साल भ्रष्टाचार के एक मामले में अरोड़ा को गिरफ्तार किया था।

खरड़ में, आम आदमी पार्टी ने मौजूदा विधायक और पूर्व मंत्री अनमोल गगन मान की जगह अपने निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी परमिंदर सिंह गोल्डी को उम्मीदवार बनाया है। गायिका से नेता बनीं अनमोल मान को जुलाई 2022 में मंत्रिमंडल के पहले विस्तार के दौरान मंत्री बनाया गया था। हालांकि, सितंबर 2024 में मुख्यमंत्री मान ने अनमोल मान समेत चार मंत्रियों को मंत्रिमंडल से हटा दिया।

पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष और निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी जसवीर सिंह गढ़ी को रूपनगर जिले की चमकौर साहिब सीट से मैदान में उतारा गया है। उन्होंने मौजूदा विधायक चरणजीत सिंह की जगह ली है।

करमजीत सिंह रिंटू अमृतसर नॉर्थ सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह सीट इस महीने तब खाली हो गई थी, जब आम आदमी पार्टी के निलंबित विधायक और पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह ने विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

पार्टी की वरिष्ठ नेता और दो बार की विधायक सर्वजीत कौर मानुके को लुधियाना जिले के जगराओं से मैदान में उतारा गया है, जबकि मौजूदा विधायक अमनदीप सिंह गोल्डी को फाजिल्का जिले के बल्लुआना से उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी ने पठानकोट जिले के सुजानपुर से स्वर्ण सलारिया को मैदान में उतारा है, जो 2024 में भाजपा छोड़कर आप में शामिल हुए थे। आप में 2025 में शामिल हुई पंजाबी अभिनेत्री सोनिया मान को अमृतसर जिले के राजासांसी से टिकट दिया गया है, जबकि उसी जिले की मजीठा सीट से तलबीर सिंह गिल चुनाव लड़ेंगे।

अन्य लोगों में, रमन बहल को गुरदासपुर से, शमशेर सिंह को दीनानगर से, गुरइकबाल सिंह को कादियान से, हरजोतबनजीत सिंह को फतेहगढ़ चुरियन (सभी गुरदासपुर जिले में), हरसिमरन सिंह को भोलाथ (कपूरथला जिला), दविंदरपाल सिंह को कपूरथला और हरजोत कौर को फिल्लौर (जालंधर) से मैदान में उतारा गया है।

बलवीर सिंह जलालपुर शाहकोट (जालंधर) से, वनीत धीर जालंधर उत्तर से, दीपक बाली जालंधर कैंट से, पवंत कुमार टीनू आदमपुर (जालंधर) से, सरबजोत सिंह साबी मुकेरियां (होशियारपुर) से, रॉबी कंग नवांशहर से, के एन एस कंग दाखा (लुधियाना) से और सुहानी डोडा अबोहर (फाजिल्का) से चुनाव लड़ेंगे।

सांसद संतोष पाण्डेय कबड्डी प्रतियोगिता एवं पतोरा महोत्सव का भव्य शुभारंभ



खेल, संस्कृति और परंपरा के संगम से गूंजा पतोरा; खूबचंद पारख की रही गरिमामयी उपस्थिति, कैलाश शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

खुज्जी (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतोरा में सांसद संतोष पाण्डेय कबड्डी प्रतियोगिता एवं पतोरा महोत्सव 2026 का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ हुआ। समारोह में राजनांदगांव जिले के लोकप्रिय सांसद संतोष पाण्डेय, प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख की गरिमामयी उपस्थिति रही। राजनांदगांव जिले के सांसद प्रतिनिधि कैलाश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवाओं एवं खेलप्रेमियों ने सहभागिता की।

लगभग सात दशकों से चली आ रही पतोरा की गौरवशाली मंडई परंपरा इस वर्ष 70वें वर्ष की ओर अग्रसर है। तीन दिवसीय महोत्सव में कबड्डी प्रतियोगिता, पारंपरिक मंडई मेला और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण हैं।

सांसद संतोष पाण्डेय ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर

सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि पतोरा महोत्सव हमारी लोकसंस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन, साहस, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। ऐसे आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध लोकसंस्कृति, पारंपरिक मेले-मंडई और सामाजिक भाईचारे से है। पतोरा महोत्सव जैसी परंपराएं नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना आवश्यक है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने के साथ सामाजिक सहभागिता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की प्रशंसा की।

कैलाश शर्मा ने परंपरा और खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

राजनांदगांव जिले के सांसद प्रतिनिधि एवं आयोजन के मार्गदर्शक कैलाश शर्मा ने कहा कि पतोरा की लगभग सात दशक पुरानी मंडई परंपरा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है। इसे आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सांसद संतोष पाण्डेय के नाम से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और युवाओं को खेलों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों, युवाओं और आयोजन समितियों के सामूहिक सहयोग से महोत्सव को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। उन्होंने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनप्रतिनिधियों एवं हजारों ग्रामीणों की रही सहभागिता

शुभारंभ समारोह में किसान मोर्चा के संयोजक हिरेन साहू, सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा, राजगामी संपदा के उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, रविंद्र वैष्णव, बोधन साहू, अंजू त्रिपाठी, नगर पंचायत मंडल अध्यक्ष हिरदे राम देवांगन, चौकी मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक एवं गोपाल भुवार्य, अजरुद्दीन, विमल यादव, युवा मोर्चा महामंत्री आशु राजपूत, दीनदयाल साहू (सरपंच संघ अध्यक्ष), सागर वर्मा, सरपंच श्रीमती सेंडे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हजारों ग्रामीणों की उपस्थिति ने समारोह की भव्यता को और बढ़ा दिया।

तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कबड्डी का रहेगा रोमांच

11 से 13 नवंबर तक आयोजित महोत्सव में कबड्डी के रोमांचक मुकाबलों के साथ तीन दिवसीय मंडई मेले का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 11 नवंबर को रंग महल, 12 नवंबर को स्वर धारा तथा 13 नवंबर को 'मया की डोरी' की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 33,333 रुपये सहित अन्य पुरस्कार रखे गए हैं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं, लर्निंग लाइसेंस, श्रम योजनाओं एवं कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने की पहल भी की गई है। पतोरा महोत्सव का यह आयोजन खेल, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता को एक मंच पर लाने की अनूठी पहल बनकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण निर्मित कर रहा है।


बजरंगपुर नवागाँव में मनाया गया गौरा-गौरी उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परम्परा और आस्था का प्रतिक गौरा गौरी पर्व बजरंगपुर नवागांव हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया द्य भगवान शिव के स्वरूप गौरा और माता पार्वती के स्वरूप गौरी की प्रतिमाए स्थापित कर वार्डवासियों पारम्परिक रीति - रिवाजों के साथ विधि - विधान से पूजा अर्चना की।

पर्व के दौरान वार्ड में गौरा-गौरी गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा। महिला, पुरुष, युवा और बच्चो ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। उत्सव की तैयारियां पारम्परिक तरीके से की गई। वार्डवासी एक निर्धारित स्थान पर पूजा अर्चना के बाद बाजे-गाजे के साथ बांस से बनी टोकरी में मिट्टी लेकर आए। दीपावली की रात इसी मिट्टी से गौरा - गौरी की प्रतिमाए तैयार की गई। इसके बाद फूलो, धान की बालियों पत्तियो और रंग - बिरंगे कागजो से प्रतिमाओ को आकर्षक रूप से सजाया गया था पुरी प्रक्रिया में वार्डवासियों ने अपनी पारम्परिक मान्यताओं और रीति - रिवाजों का निर्वहन किया। गौरा -गौरी की प्रतिमाओ को लेकर गली मोहल्लो में भ्रमण किया। इसके बाद

गुरु भगवंतो के प्रति कृतघ्न नहीं कृतज्ञ बनना चाहिए-मौलिकप्रभ



राजनांदगांव (दावा)। ''हमें गुरु भगवंतो के प्रति कृतघ्न नहीं कृतज्ञ बनना चाहिए। गुरु भगवंतो के उपकारों को कभी भी नहीं भूलना चाहिए,उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए।उन्हें धन्यवाद देना चाहिए कि उनकी कृपा से जीवन में शांति है।'' उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मौलिकप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने फरमाया कि हमें यह एहसास करना चाहिए कि आसमान में जितने तारे हैं, उससे भी ज्यादा मेरे जीवन में गुरु भगवंतो का उपकार है। उन्होंने कहा कि मोबाइल/ सीरियल से कुछ नहीं मिलने वाला, गुरु भगवंतों के उपकारों को याद करने से जीवन सुधर जाएगा।

हम यदि हर रोज आधे घंटे तक भी उनका उपकार याद करें तो हमारा जीवन ही बदल जाएगा। मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने कहा कि हमारे जीवन में गुरु भगवंतों का बहुत बड़ा स्थान है जिन्होंने पाप से डूबी आत्मा को पार होने का रास्ता दिखाया। पाप के भार को दूर करने का रास्ता गुरु भगवंत ही बताते हैं। सोचो - विचारो हमारे जीवन में कितनी गलतियां होती हैं, पाप होते हैं, उन्हें रोकने के लिए एक जीवात्मा होती है जो हमसे उससे उबरने का रास्ता दिखाती है। हमें गुरु भगवंतों पर विश्वास होना चाहिए। मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने कहा कि पाप की दुनिया में मैं अभी भी डूबा हुआ हूं जिससे उबरने के लिए गुरु भगवंत हमारे साथ हैं ,ऐसा विश्वास और श्रद्धा हमारे मन में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिनका जीवन स्वच्छंद होता है निश्चित ही वह पतन की ओर जाता है। हमारा जीवन मुश्किल, दुष्कर और बेकार है जिसे गुरु भगवंत ही पार करवा सकते हैं। ''राग'' ही हमारे जीवन का सबसे बड़ा बाधक है। यह ''राग'' ही हमें बांध देता है। हमें सुशिष्य बनना है। संसार रूपी सागर में हम डूब रहे हैं, उस सागर में जहाज रूपी गुरु हैं जो हमें डूबने से बचाएंगे। गुरु भगवंतों के प्रति हमारी श्रद्धा अटूट होनी चाहिए।

टटेंगा स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में सीखे मूर्तिकला और जैविक खेती के गुर



हरदी (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव और व्यावसायिक कौशल से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मूर्तिकला केंद्र, गोशाला और जैविक कृषि फार्म का अवलोकन कर स्थानीय शिल्प और उद्यमिता की बारीकियां सीखीं। चाक चलाना और मिट्टी तैयार करने का मिला प्रशिक्षण भ्रमण के पहले चरण में विद्यार्थी मूर्तिकला केंद्र पहुंचे, जहां संचालक अमरू पांडे और अजय मूर्तिकार ने उन्हें निर्मित मूर्तियों एवं मिट्टी के बर्तनों का अवलोकन कराया। विशेषज्ञों ने इन कलाकृतियों के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देने के साथ ही विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। बच्चों ने मिट्टी तैयार करने, चाक चलाने और मूर्ति निर्माण के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों को प्रत्यक्ष रूप से सीखा।रसायन-मुक्त खेती और प्राकृतिक कीटनाशक बनाने की दी जानकारी

रसायन-मुक्त खेती को बढ़ावा देने और कृषि से आय बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को जैविक कृषि का प्रशिक्षण भी दिया गया। जिले के वरिष्ठ जैविक कृषि विशेषज्ञ किशोरी साहू ने विद्यार्थियों को पारंपरिक एवं आधुनिक जैविक खेती की तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के उपायों सहित वर्मीकम्पोस्ट, जीवामृत और नीमास्त्र जैसे प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने तथा पशुपालन से जुड़ी उपयोगी जानकारियां साझा कीं।व्यावहारिक समझ बढ़ाने में सहायक है भ्रमण : प्राचार्य संस्थान के प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने इस शैक्षणिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, टीम वर्क और व्यावहारिक समझ को मजबूत करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और अजय पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और यादगार बताया।

संविधान दिवस पर प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में विशेष आयोजन कराने की मांग, शिक्षा मंत्री को सौंपा पत्र



संविधान दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को दिया आमंत्रण

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 26 नवंबर 2026 को संविधान दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों में संविधान दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की मांग को लेकर बौद्ध कल्याण समिति पंजीयन क्रमांक 14131, राजनांदगांव के अध्यक्ष राजकुमार (राजू) बारमाटे ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री माननीय गजेंद्र यादव को पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा मंत्री को राजनांदगांव में आयोजित होने वाले संविधान दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने हेतु सादर आमंत्रित भी किया।

प्रेषित पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि प्रदेश के सभी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में संविधान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संविधान के प्रति सम्मान, संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना विकसित करना है।

समिति अध्यक्ष राजू बारमाटे ने कहा कि भारतीय संविधान केवल देश का सर्वोच्च कानून ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व का अधिकार प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है। विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही संविधान की महत्ता एवं संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

ज्ञापन में शिक्षण संस्थानों में निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित कराने का सुझाव दिया गया है-

1. भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन।
2. संविधान एवं संवैधानिक मूल्यों पर आधारित जागरूकता रैली का आयोजन।
3. संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु दौड़ एवं अन्य खेल गतिविधियों का आयोजन।
4. संविधान, लोकतंत्र, समानता एवं सामाजिक न्याय विषय पर भाषण, निबंध, चित्रकला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन। समिति ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि 26 नवंबर 2026 को प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों में संविधान दिवस मनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर सभी संस्थानों को विशेष कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया जाए। राजू बारमाटे ने कहा कि संविधान दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों एवं युवाओं में संवैधानिक चेतना जागृत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस प्रकार के आयोजनों से आने वाली पीढ़ी संविधान के आदर्शों को समझेगी तथा एक जागरूक, जिम्मेदार, समतामूलक एवं लोकतांत्रिक समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने शिक्षा मंत्री को राजनांदगांव में आयोजित होने वाले संविधान दिवस समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का भी आग्रह किया।

अखिलेश यादव राम मंदिर के बजाय नोएडा जाकर दिखाएं पता चल जाएगा कि वे कितने पानी में हैं - राजेश गुप्ता अग्रहरि



भाजपा नेता ने सपा प्रमुख के प्रस्तावित अयोध्या दौरे पर कसा तंज; कहा-चुनावी हार के डर से हिंदू वोटों की शरण में जा रहे हैं अखिलेश

राजनांदगांव (दावा)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगामी 12 दिसंबर को प्रस्तावित अयोध्या श्रीराम मंदिर दर्शन कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी एवं धर्म जागरण समन्वय समिति से जुड़े राजेश गुप्ता अग्रहरि ने इस मुद्दे पर सपा प्रमुख को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अखिलेश यादव 12 दिसंबर को अयोध्या जाने के बजाय उत्तर प्रदेश के नोएडा जाकर दिखाएं, इससे उन्हें अपनी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा हो जाएगा।

अंधविश्वास और तारीख के चयन पर उठाए सवाल राजेश अग्रहरि ने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव में 6 दिसंबर को अयोध्या जाने की हिम्मत नहीं है, इसलिए उन्होंने 12 दिसंबर की तारीख चुनी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा प्रमुख अंधविश्वास में घिरे हुए हैं, इसी वजह से वे नोएडा जाने से कतराते हैं।

अग्रहरि ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिक्र करते हुए कहा कि योगी जी के सामने अयोध्या से चुनाव लड़ने से पीछे हटने वाले अखिलेश यादव पिछली बार की तरह बिना चुनाव लड़े मुख्यमंत्री बनने के सपने देख रहे हैं, लेकिन इस बार भी उन्हें करारी शिकस्त झेलनी पड़ेगी।

चुनावी मजबूरी में आस्था का दिखावा करने का आरोप भाजपा नेता ने सपा की पूर्व की नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकराने वाले और राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वाले लोग आज चुनावी हार के डर से हिंदू वोटों की शरण में जाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर बिना प्राण-प्रतिष्ठा के ही राम मंदिर जाने की बात करने वाले अखिलेश यादव के पास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा धार्मिक और आध्यात्मिक बल नहीं है। आगामी चुनाव में तीसरी बार हार का दावा अग्रहरि ने आगे कहा कि अपने पारंपरिक समीकरणों में पिछड़ने के बाद अब सपा प्रमुख संत-महात्माओं और ब्राह्मण समाज को साधने के लिए अयोध्या जाने का दंभ भर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के सामने सपा का कोई भी गठजोड़ काम नहीं आएगा और आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों तीसरी बार बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा।

आदिवासी ग्राम माधोपुर ने तैयार की 1008.60 रकबा पारंपरिक वन क्षेत्र की सामुदायिक वन प्रबंधन कार्ययोजना



आधुनिक तकनीक और बुजुर्गों के पारंपरिक ज्ञान का अनूठा संगम, ग्राम सभा के युवाओं ने संभाली जंगल संरक्षण की जिम्मेदारी

मोहला (दावा)। मोहला छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य वनांचल क्षेत्र में ग्राम सभा आधारित वन प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। ग्राम सभा माधोपुर, ग्राम पंचायत भोजटोला, तहसील मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी ने वन अधिकार अधिनियम 2006, नियम 2008 एवं संशोधित नियम 2012 के अंतर्गत अपने पारंपरिक सामुदायिक वन संसाधन क्षेत्र की पांच वर्षीय सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन कार्ययोजना तैयार की है।

ग्राम के पारंपरिक वन क्षेत्र का रकबा 1008.60 दर्ज किया गया है। इस कार्य को सृष्टि संस्था, जिला परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला, तहसील अंबागढ़ चौकी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से पूरा किया गया। इस पहल की विशेषता यह है कि ग्राम के युवाओं ने आधुनिक तकनीकी जानकारी और बुजुर्गों के पारंपरिक वन ज्ञान को एक साथ जोड़कर वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

छह माह के प्रशिक्षण और सामूहिक प्रयास से तैयार हुई कार्ययोजना

गौरतलब है कि सृष्टि संस्था द्वारा पिछले छह माह से ग्राम सभा की वन अधिकार अधिनियम के प्रति समझ मजबूत बनाने तथा सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के विषय पर लगातार प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा था। इसी क्रम में ग्राम सभा ने सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति एवं जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन कर उनके सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपीं। कार्ययोजना तैयार करने के लिए अलग-अलग विषयों पर विशेष दल गठित किए गए। इनमें ड्रोन तकनीक से वन क्षेत्र की सीमाओं एवं भौगोलिक स्थिति का विवरण तैयार करने वाला दल, पेड़-पौधों की गणना करने वाला दल, वन्यजीव एवं जीव-जंतुओं की जानकारी संकलित करने वाला दल, वनौषधियों की पहचान एवं जानकारी जुटाने वाला दल तथा पत्थर, खनिज, मुरूम, रेत और मिट्टी की स्थिति का अध्ययन करने वाले दल शामिल थे। इसके अलावा गांव के पारंपरिक झरनों, गुफाओं, देवस्थलों, जलस्रोतों एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों की जानकारी एकत्र करने के लिए भी अलग-अलग टीमें बनाई गईं। इस पूरी प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक के साथ बुजुर्गों के अनुभव और पीढ़ीयों से प्राप्त पारंपरिक वन ज्ञान को विशेष महत्व दिया गया। सामुदायिक वन प्रबंधन कार्ययोजना बनाने की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने के लिए ग्राम सभा एवं ड्रोन ऑपरेटर के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने आसपास के क्षेत्रों के ग्रामों में अभ्यास दौरा भी किया। इसमें ड्रोन ऑपरेटर के अध्यक्ष श्री बिदु सिंह कुमेटी, सचिव श्री घनश्याम नेताम, कोषाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बाई बोगा एवं समिति के अन्य आठ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अभ्यास दौरे से उन्हें वन संसाधनों के सर्वेक्षण, सीमांकन, संरक्षण एवं प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। कार्ययोजना निर्माण में वन विभाग एवं राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त अनुभवी कर्मचारियों का भी मार्गदर्शन एवं सहयोग लिया गया।

सृष्टि संस्था की तकनीकी टीम ने दिया मार्गदर्शन

पूरी प्रक्रिया में सृष्टि संस्था के क्लस्टर समन्वयक श्री जयदेव मोहुरले तथा संस्था के कार्यकर्ता श्री अर्जुन कुमेटी एवं श्रीमती सरिता कोरेटी ने तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारियों के एकत्रीकरण एवं कंप्यूटर आधारित दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। ग्राम के पटेल श्री मोती सिंह धुर्वे ने इस कार्य को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक सामग्री एवं निःस्वार्थ सेवाभावी सहयोग प्रदान किया।

यह पहल आदिवासी समुदाय के पारंपरिक वन अधिकारों को मजबूत करने और ग्राम सभा को वन संरक्षण एवं प्रबंधन में सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सृष्टि संस्था के कार्यक्षेत्र में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन की यह पहल केवल माधोपुर तक सीमित नहीं है। तहसील अंबागढ़ चौकी के ग्राम भूरभूसी, चमरूटोला एवं पड़की में भी ग्राम सभा के माध्यम से सामुदायिक वन प्रबंधन कार्ययोजना तैयार करने में सफलता प्राप्त हुई है। इस पहल से क्षेत्र के अन्य ग्रामों में भी अपने पारंपरिक वन संसाधनों की पहचान, संरक्षण, संवर्धन और सामुदायिक प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है। ग्राम सभा माधोपुर की यह उपलब्धि दर्शाती है कि जब स्थानीय समुदाय को उनके अधिकारों की जानकारी, तकनीकी प्रशिक्षण और उचित मार्गदर्शन मिलता है, तो वे स्वयं अपने जंगलों के संरक्षण एवं प्रबंधन की प्रभावी जिम्मेदारी निभाने में सक्षम होते हैं। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए वन, जल, जमीन और जैव विविधता को सुरक्षित रखने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

राजनांदगांव स्टेशन पर यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस में बम की खबर से अफरा-तफरी, 45 मिनट तक थमे रहे पहिए

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां खड़ी यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस में बम रखे होने की सूचना मिली। इस खबर के फैलते ही यात्रियों और स्टेशन परिसर में मौजूद लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। एहतियात के तौर पर ट्रेन को करीब 45 मिनट तक प्लेटफॉर्म पर ही रोके रखकर सघन जांच अभियान चलाया गया।



० डॉग स्क्वॉड और भारी पुलिस बल ने खंगाला चप्पा-चप्पा; संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू

डॉग स्क्वॉड के साथ सुरक्षा बलों ने संभाला मोर्चा

बम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान तत्काल हरकत में आ गए। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे स्टेशन परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया, जिसकी मदद से ट्रेन के डिब्बों और स्टेशन के आसपास के हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली गई।

एक संदिग्ध पुलिस की हिरासत में

सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने स्टेशन परिसर से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस टीम उसे हिरासत में लेकर मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है।

आधिकारिक पुष्टि का इंतजार

अचानक हुई इस कार्रवाई और ट्रेन के रुकने से यात्री काफी चिंतित नजर आए। फिलहाल, बम की सूचना की सत्यता और जांच में क्या सामने आया है, इसे लेकर पुलिस या रेलवे प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं।

21 क्विंटल धान पर संपूर्ण बोनस सहायता राशि देने का निर्णय किसानों के लिए दोहरे लाभ की सौगात-सचिन बघेल

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2026-27 में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की निर्धारित सीमा के आधार पर किसानों को संपूर्ण बोनस सहायता राशि प्रदान करने के निर्णय का जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने स्वागत किया है।



श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार निर्णय ले रही है। 21 क्विंटल धान खरीदी के साथ संपूर्ण बोनस सहायता राशि का लाभ देने की व्यवस्था किसानों के लिए दोहरे लाभ का निर्णय है। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने के साथ ही आर्थिक सहायता भी प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की इस व्यवस्था से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष बात यह है कि निर्धारित पात्रता एवं बोए गए रकबे के सत्यापन के आधार पर यदि किसान 21 क्विंटल से कम धान भी बेचता है, तब भी उसे प्रति एकड़ निर्धारित संपूर्ण बोनस सहायता राशि का लाभ मिलेगा। इससे छोटे और सीमांत किसानों को भी आर्थिक संबल प्राप्त होगा। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय किसान कल्याण, कृषि को लाभकारी बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है।

निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करे-मधुसूदन यादव

० अंडरब्रिज निर्माण से बाधित यातायात को व्यवस्थित करने महापौर मधुसूदन यादव ने अधिकारियों के साथ डायवर्सन पाईट का किया स्थल निरीक्षण

० चिखली ओवरब्रिज पर डायवर्सन के बीच महापौर का औचक निरीक्षण, अतिक्रमण हटाकर यातायात सुगम बनाने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। ममतानगर मोतीपुर रेल्व अंडरब्रिज पर बारबार यातायात बाधित होने की जानकारी मिलने पर राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह से ही एक्शनमोड में नजर आये। लगातार यातायात बाधित होने की सूचना मिलते ही आज प्रातः महापौर मधुसूदन यादव ने पुलिसध्यातायात विभाग, नगर निगम के अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ अपने मोतीपुर स्थित निज निवास पर बैठक आयोजित कर स्थल निरीक्षण एवं स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद के लिये समय एवं पाईट निर्धारित किया। पश्चात् अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पांच विभिन्न डायवर्सन पाईटो का स्थल निरीक्षण किया, और शासन प्रशासन को यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिये। इस



दौरान महापौर ने यातायात प्रवाह, सड़क की स्थिति, वाहनों की भीड़ तथा डायवर्सन पाईटो पर हो रही असुविधा का जायजा लिया।

स्थल निरीक्षण के समय महापौर के साथ निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सुनील साहू व सावन वर्मा,कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, पार्षदगण शिव वर्मा, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, एल्डरमेन नागेश यदु व भीषम देवांगन, पूर्व नेताप प्रतिपक्ष किशुन यदु, सहित मदन यादव, लोकेश जैन, नरेन्द्र हंसा, श्री विनोद भारती एवं अन्य उपस्थित रहे। साथ ही राजनांदगॉव नगर निगम आयुक्त जी. आर. मरकाम, पुलिस विभाग के डीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, यातायात टीआई शंकर गोस्वामी सहित निगम के कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे व यू.के. रामटेके, प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, प्र.उप अभियंता चिराग मेश्राम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी महापौर के साथ उपस्थित रहे।

महापौर श्री यादव अपनी टीम के साथ सर्वप्रथम मोतीपुर ममतानगर अंडरब्रिज का निरीक्षण किया एवं मोतीपुर से रेल्वे फाटक जाने वाले मार्ग पर चार चक्का वाहनों के संचालन को प्रतिबंधित कर उन्हें आजादचैक मोतीपुर से रेल्वे फाटक की दिशा में जाने की लिये रूट डाईवर्ट करने के निर्देश दिये। पश्चात उनकी टीम में मोतीपुर रामनगर रेल्वे फाटक मार्ग का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटा स्थानीय सब्जी मार्टेक को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। इसके बाद शासन प्रशासन के अमले के साथ महापौर ने स्टेशनपारा, गौरीनगर एवं चिखली ओव्हरब्रिज डायवर्जन मार्गो का भी मौका-मुआयना किया।

सभी पाँचों निरीक्षण स्थल पर पर्यवेक्षण के दौरान महापौर ने मुख्य रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने, सड़कों को अवरुद्ध होने से बचाने, रोड लेवलिंग, सफेद व लाल पेंट से रोड मार्किंग, मुनादी व्यवस्था, वाहन व्यवस्था आदि का उपयोग कर डायवर्सन पाईट पर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारियों से व्यवस्था की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यकतानुसार संकेतक, प्रतिबंध एवं ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करने के निर्देश भी दिये। समाचार लिखे जाने तक निगम आयुक्त द्वारा तत्संबंध में दायित्व तय करते हुए अपने अधिकारियों कर्मचारियों को विभागीय आदेश भी जारी किये जा चुके हैं।

महापौर ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा मिले, इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को डायवर्सन मार्गो की सफाई, सड़क समतलीकरण तथा अतिक्रमण हटाने में तत्परता बरतने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में आयुक्त द्वारा गठित दल संबंधित क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने व समतलीकरण आदि कार्य दोपहर से ही प्रारंभ कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि चिखली रेल्वे अंडरब्रिज निर्माण हेतु बॉक्स पुशिंग कार्य किया जाना है और इसके चलते ओवरब्रिज पर दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों की आवाजाहि प्रतिबंधित की गई है। प्रशासन द्वारा व्यापक लोकहित को ध्यान में रखते हुए स्थानीय महावीर चैक (इमाम चैक) से खैरागढ़ रोड में चलने वाले वाहनों के लिये डायवर्सन हेतु वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं, ताकि निर्माण कार्य पूरा होने तक यातायात सुचारू रूप से संचालित होता रहे।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट में ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न, नियमित अखबार पढ़ने वाली शिक्षिकाएं सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल में एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने की उत्कृष्ट आदत को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

० विद्यालय प्रबंधन ने की शिक्षिकाओं की सराहना, छात्रों को भी समाचार पत्र पढ़ने के लिए किया प्रेरित

० समसामयिक घटनाओं से जागरूक रहने के लिए पठन आदत को बताया जरूरी

समारोह में विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल ममता मिश्रा, हेड मिस्ट्रेस सरिता सिंह, सांस्कृतिक प्रभारी (कल्चरल इंचार्ज) अपर्णा वर्मा, अंग्रेजी शिक्षिका रुचि तिवारी और विज्ञान शिक्षिका तृप्ति मेश्राम को प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने के लिए सराहा गया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे नियमित रूप से दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक दावा' एवं 'सवेरा संकेत' का पठन करती हैं।

प्रबंधन ने बढ़ाया उत्साह, बच्चों को भी दी सीख

शिक्षिकाओं की इस सराहनीय आदत और समाज में समाचार पत्र पढ़ने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंधन ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में एकेडमिक डायरेक्टर व प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, प्रेसिडेंट डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह और श्रेयांश बहादुर सिंह ने सभी शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन किया।

प्रबंधन पदाधिकारियों ने कहा कि प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ना एक अत्यंत उत्तम आदत है, जो व्यक्ति को देश-दुनिया में घटित हो रही समसामयिक घटनाओं से अवगत और जागरूक रखती है। अंत में प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने समस्त छात्र-छात्राओं को भी नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का अल्टीमेटम, 30 हजार मानदेय नहीं होने पर 17 से हड़ताल

रायपुर। आंगनबाड़ी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने वाली कार्यकर्ता और सहायिकाएं अब अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। वर्षों से सेवाएं देने के बावजूद नियमितीकरण और सम्मानजनक मानदेय नहीं मिलने से नाराज जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने छत्तीसगढ़ जुझारू कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ के बैनर तले जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया।

धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 15 नवम्बर 2026 से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो रही है। धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा धान खरीदी की तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में अन्य क्षेत्रों से होने वाले अवैध धान परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने तथा धान के अवैध कारोबार में संलिप्त कोचियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी व्यवस्था की सतत निगरानी करने तथा किसानों को सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ धान विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराने कहा।

कलेक्टर ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों एवं निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उपलब्धियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को पोर्टल में योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति से संबंधित जानकारी नियमित रूप से अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल में दर्ज जानकारी तथ्यात्मक, सटीक एवं अद्यतन होनी चाहिए, ताकि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रभावी निगरानी एवं समीक्षा की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्यों में तेजी लाने तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने कहा।



० अवैध धान परिवहन एवं कोचियों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

० कलेक्टर ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

० कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने राजनांदगांव शहर में निर्माणाधीन स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज की प्रगति की जानकारी लेते हुए पुशिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की प्रतिदिन जानकारी उपलब्ध कराने तथा कार्य को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने कहा। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस लेन के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना अथवा जनहानि की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कार्यप्रणाली में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही राजगामी की जमीन का ऑडिट कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्य पूर्ण कर चुके ठेकेदारों के लंबित भुगतान का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के बिजली व्यय में कमी लाने तथा स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजना के अंतर्गत जिले में अब तक 16 हजार 492 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा 8 हजार 396 हितग्राहियों के घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। इससे हितग्राही बिजली के उपभोक्ता होने के साथ-साथ स्वयं ऊर्जा उत्पादक भी बन रहे हैं। कलेक्टर ने शेष आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाते हुए पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना की जानकारी अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने तथा सोलर पैनल स्थापना के कार्यों में तेजी लाने कहा।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है।



विधानसभा के शीत सत्र 14 से 17 दिसंबर तक, अधिसूचना जारी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से 17 दिसंबर 2026 तक चलेगा। शीतकालीन सत्र में इस तरह कुल चार बैठकें होंगी। सत्र के संबंध में विधानसभा सखि्वालय ने अधिसूना जारी कर दी है।

उल्लेखनीय है कि, यह प्रदेश की छठवीं विधानसभा का 11 वां सत्र होगा। बैठक में वित्तीय कार्य के साथ ही अन्य शासकीय कार्य संपादित होंगे। इस सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण बिलों को पेश कर सकती है।









ड्राइवरों की देशव्यापी हड़ताल का असर : बसों के पहिए थमे, यात्री हो रहे परेशान

राजनांदगांव (दावा)। देशभर में 12 नवंबर को शुरू हुए ड्राइवरों के स्टेयरिंग छोड़ो अभियान का असर अब राजनांदगांव में भी दिखाई देने लगा है। अखिल भारतीय ड्राइवर जॉइंट कमेटी के आह्वान पर ड्राइवरों ने हड़ताल शुरू कर दी है। इसके चलते बसों का संचालन प्रभावित हुआ है और यात्रियों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मोहारा बाईपास पर ड्राइवरों का धरना

हड़ताल के समर्थन में जिला ड्राइवर महासंघ के सदस्य



मोहारा बाईपास पर एकत्रित होकर धरने पर बैठ गए हैं। ड्राइवरों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। ड्राइवरों की प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय ड्राइवर आयोग का गठन, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड की स्थापना और उनकी सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाना शामिल है। उनका कहना है कि ड्राइवरों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था जरूरी है। हड़ताल के कारण आसपास के जिलों के विभिन्न मार्गों पर यात्री बसों और माल परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। बसों का संचालन बाधित होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। अब सभी की नजर शासन के अगले कदम पर है कि ड्राइवरों की मांगों को लेकर क्या निर्णय लिया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com